दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 101 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। गुरुवार 12 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष दशमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan





# फ्री इलाज

## किसानों को सस्ती बिजली

## 8वें वेतन आयोग के लिए कमेटी

### स्कूली बच्चों को जादुई पिटारा देगी सरकार

### होमगार्ड के 5 हजार पद बढ़ाए

## भजनलाल सरकार ने खोला विकास का पिटारा



# राजस्थान बजट

## बजट समृद्ध राजस्थान का 2026-27

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार (11 फरवरी) को लगातार तीसरा फुल बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों, किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं।

उन्होंने कहा- 8वें वेतन आयोग के लिए हाईपावर कमेटी बनाई जाएगी। परीक्षाओं के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी का भी बजट में ऐलान किया। सरकार स्कूली बच्चों को खेल किट और जादुई पिटारा भी देगी।

असहाय, विमंदित, लावारिस मरीजों को अब फ्री इलाज मिलेगा। बजट में मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख किया है।

वित्त मंत्री ने कहा- सरकारी कर्मचारी की मौत पर उसकी पुत्रवधू को भी अनुकंपा नियुक्ति मिल सकेगी। साथ ही कर्मचारी के सरकारी नौकरी में रहते समय स्थायी दिव्यांग हो जाती है और वह नौकरी करने में असमर्थ है तो आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी।

जलदाय विभाग में 3 हजार संविदा कर्मियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। साथ ही नई जल नीति लाने का भी ऐलान किया गया। करीब 6500 गांवों को हर घर नल हर घर जल योजना से जोड़ा जाएगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार 1800 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी। 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा।

अगले साल 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 30 हजार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन देगी।

झींगा पालने वाले किसानों को सस्ती बिजली भी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट का भी ऐलान किया है।

### डेयरी, पर्यावरण और जल संरक्षण

डेयरी डेवलपमेंट फंड 1000 करोड़ से बढ़ाकर 2000 करोड़ किया गया है। सरस ब्रांड अब यूपी और एमपी में विस्तार करेगा। अगले साल 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे और 2047 तक 20% ग्रीन कवर का लक्ष्य रखा गया है। 'पृथ्वी प्रोजेक्ट' पर 1500 करोड़ खर्च कर मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने की योजना है। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन 2.0 के तहत 5000 गांवों में 1.10 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे।

### अरावली संरक्षण के लिए बड़ा प्रोजेक्ट

अरावली की 4000 हेक्टेयर भूमि का कायाकल्प किया जाएगा। अवैध खनन रोकने के लिए सुरक्षा दीवारें बनेंगी और स्थानीय प्रजातियों के पौधों का बड़े पैमाने पर रोपण होगा। इससे इको-टूरिज्म और वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### किसानों के लिए मेगा पैकेज

35 लाख किसानों को 25,000 करोड़ का ब्याजमुक्त लोन देने का लक्ष्य है। 4,000 किसानों को ग्रीनहाउस और पॉलीहाउस के लिए 200 करोड़ का अनुदान मिलेगा। मंडियों के विकास पर 350 करोड़ खर्च होंगे और 'मिशन राज गिफ्ट' शुरू किया जाएगा। 2.5 लाख किसानों को मुफ्त बीज और हर पंचायत में वर्मी कंपोस्ट यूनिट स्थापित की जाएगी।

### सिंचाई, तारबंदी और मशीनरी पर सहायता

20,000 किमी तारबंदी के लिए 228 करोड़ और 36,000 फॉर्म पॉन्ड के लिए 585 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा। 3 लाख किसानों को ड्रिप-स्प्रिंकलर सुविधा मिलेगी। 50,000 नए सोलर पंप लगाए जाएंगे और कृषि मशीनों पर 160 करोड़ सब्सिडी दी जाएगी। 500 नए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित होंगे, जहां किसान मशीनें किराए पर ले सकेंगे।

### श्रमिकों के लिए डिजिटल एप

जनजातीय परिवारों के लिए डीबीटी के जरिए 1200 प्रति माह सहायता, श्रमिकों के लिए डिजिटल 'श्रम सेतु' ऐप और किशोरी बालिकाओं के लिए पोषण योजनाएं भी शामिल हैं। अस्पतालों में परिजनों के लिए विश्रामगृह, अटल आरोग्य फूड कोर्ट और 'मोक्ष वाहिनी' सेवा शुरू की जाएगी।

वित्त मंत्री ने एनटीए की तर्ज पर राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी बनाने की घोषणा की, जिससे भर्ती और परीक्षाओं की प्रक्रिया पारदर्शी और आधुनिक बनेगी। कुल मिलाकर यह बजट राजस्थान को डिजिटल, समावेशी और विकासशील राज्य बनाने की दिशा में एक व्यापक और बहुआयामी रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिसमें ग्रामीण से शहरी और युवाओं से वरिष्ठ नागरिकों तक सभी वर्गों को शामिल करने का प्रयास दिखाई देता है।



### किसानों से उद्योग तक मेगा एलान

राजस्थान बजट 2026 में वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विकास, निवेश, पर्यावरण और कृषि को केंद्र में रखते हुए कई बड़े फैसले किए हैं। सरकार ने पुराने कर्ज की रीस्ट्रक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, खनन, ऊर्जा और किसानों के लिए व्यापक योजनाओं का खाका पेश किया है। बजट में प्रभावी पूंजीगत खर्च 1 लाख करोड़ से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि विकास कार्यों के लिए 53,978 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले साल की तुलना में 36.9% अधिक है।

### टैक्स राहत और वाहन नीति में बदलाव

अन्य राज्यों से खरीदे गए निजी वाहनों के राजस्थान रजिस्ट्रेशन पर अब 50% टैक्स छूट मिलेगी। सभी ऋणों पर स्टैंप ड्यूटी घटाकर 0.125% और रजिस्ट्रेशन शुल्क 0.5% कर दिया गया है। भारी मालवाहक वाहनों के लिए वन-टाइम टैक्स विकल्प दिया जाएगा, जबकि पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स दरें संशोधित होंगी।

### घर बैठे जमीन रजिस्ट्रेशन और डिजिटल सुधार

ई-रजिस्ट्रेशन से अब जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री घर बैठे होगी। प्रदेश के सभी 106 उप-पंजीयन कार्यालयों को मॉडल कार्यालय बनाया जाएगा और अपीलों का निस्तारण 60 दिन में अनिवार्य होगा। इससे भ्रष्टाचार और देरी कम करने का लक्ष्य है।




### कर्ज प्रबंधन और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा जोर

राज्य सरकार पहली बार 'स्टेट गवर्नमेंट सिक्योरिटी स्विचिंग' प्रक्रिया शुरू कर रही है, जिससे पुराने कर्ज का बोझ कम होगा और वित्तीय संतुलन मजबूत होगा। आरबीआई के गारंटी रिडेम्पशन फंड में निवेश से इस साल 600 करोड़ और अगले साल 750 करोड़ की बचत का अनुमान है। बिजली, सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं पर 51,000 करोड़ से अधिक खर्च किया जाएगा। साथ ही कंसोलिडेटेड सिंकिंग फंड में 2,934 करोड़ का निवेश कर वित्तीय स्थिरता का संदेश दिया गया है।

### उद्योगों को राहत, बिना फिजिकल इंस्पेक्शन शुरू होंगे प्रोजेक्ट

निवेशकों के लिए 'वन एप्लीकेशन, वन डिजिटल ट्रैक' व्यवस्था लागू होगी, जिससे सभी विभागीय मंजूरी एक प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। कम जोखिम वाले उद्योगों में फिजिकल इंस्पेक्शन खत्म करने की घोषणा हुई है। आरआईपीएस योजना का दायरा बढ़ाकर सर्विस सेक्टर और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण को भी शामिल किया गया है।

### शेखावाटी को यमुना जल से लेकर एआई आधारित शासन तक बड़े एलान

बजट में ग्रामीण विकास, कृषि, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल गवर्नेंस और आधारभूत ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है। इस बजट में जहां शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल परियोजना जैसी जीवनदायिनी योजना को गति देने की घोषणा की गई, वहीं सरकारी कर्मचारियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों और आम नागरिकों के लिए कई नई योजनाएं और सुधार भी प्रस्तावित किए गए।

### खनन और निर्माण में नई नीतियां

सरकार 100 नए माइनर मिनरल प्लॉट्स और नए मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी करेगी। खातेदारी जमीन पर खनन की अनुमति आसान की गई है और प्रीमियम 40% से घटाकर 30% कर दिया गया है। सरकारी निर्माण में एम-सेण्ड का उपयोग 25% से बढ़ाकर चरणबद्ध तरीके से 50% करना अनिवार्य होगा।

### सरकारी कर्मचारियों को मिला फायदा

सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 'सैलरी अकाउंट पैकेज' की घोषणा की गई है, जिसमें डिजिटल बैंकिंग, सस्ती दरों पर लोन और बीमा सुविधाएं शामिल होंगी। यह सुविधा 70 वर्ष तक के पेंशनर्स को भी मिलेगी। इसके अलावा आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाने का भी एलान किया गया है। अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग देकर प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने की योजना भी बनाई गई है। साइबर अपराध और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने के लिए आर4सी सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। एसीबी के रिवॉल्विंग फंड को 4 करोड़ से बढ़ाकर 7 करोड़ किया गया है और 5,000 नए शहरी होमगार्ड वॉलंटियर्स की भर्ती का प्रस्ताव रखा गया है। जयपुर, जोधपुर, अलवर और उदयपुर में नई सेंट्रल जेलें बनाने के साथ बंदियों के जीवन स्तर सुधारने के लिए 1,200 करोड़ खर्च किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों और सचिवालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 3,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही उद्यमियों को सरकारी वर्क ऑर्डर मिलने पर कार्यशील पूंजी की कमी न हो, इसके लिए बैंकों और एनबीएफसी के माध्यम से आसान लोन उपलब्ध कराने की योजना लाई गई है। सार्वजनिक खरीद में 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी।



# सैकण्डरी व सीनियर सैकण्डरी की परीक्षाएं आज से, 19.90 लाख परीक्षार्थी पंजीकृत

### कंट्रोल रूप 24 घंटे जारी, दो फोन नम्बर और जोड़े

### प्रशासक व सचिव ने लिया तैयारियों का जायजा

### जिलों में अभय कमांड सेन्टर से भी होगी निगरानी

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहित जैन)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सैकण्डरी व सीनियर सैकण्डरी परीक्षाएं आज से शुरू होंगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ एवं सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। परीक्षा में 19 लाख 90 हजार 57 परीक्षार्थी पंजीकृत है। प्रदेश के 6194 केन्द्रों पर परीक्षा होगी। बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस वर्ष सैकेण्डरी परीक्षा में 10 लाख 68 हजार 109, सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में 9 लाख 10 हजार 9, प्रवेशिका में 7 हजार 817 तथा वरिष्ठ उपाध्याय वर्ग में 4 हजार 122 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, उड़नदस्तों की तैनाती एवं विशेष दलों की नियुक्ति की गई है। इस साल जिलों में अभय कमांड सेन्टर से भी परीक्षाओं की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बुधवार शाम बोर्ड कार्यालय में कंट्रोल रूम व सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। यहां पर्याप्त संख्या में कार्मिक तैनात किए गए हैं।

बोर्ड सचिव ने परीक्षार्थियों से समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने तथा बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने की अपील की है। परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी आयोजन के लिए शिक्षक, केंद्राध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

#### कन्ट्रोल रूम हुआ 24 घंटे जारी

उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम व्यवस्था बोर्ड परीक्षा के संचालन के लिए बोर्ड कार्यालय में 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। परीक्षा संबंधी किसी भी शिकायत के लिए नीचे दिए गए दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते है।

शिकायतकर्ता अपना नाम, पता, टेलिफोन अथवा मोबाईल नम्बर अवश्य नोट करावें। कंट्रोल रूम में दर्ज शिकायत का क्रमांक अवश्य प्राप्त करें ताकि इसी शिकायत क्रमांक से समाधान की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। परीक्षार्थियों के नामांक, केन्द्र संबंधी जानकारी बोर्ड वेबसाईट पर उपलब्ध है। बोर्ड कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632668, 4083549, 4083550 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## ट्रोलर चालक ने सरे राह लहराई तलवार, फैली दहशत

### साइड लेने व ओवरटेक के चक्कर में हुआ विवाद



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** हाईवे पर ओवरटेक को लेकर हुए विवाद में एक ट्रोलर चालक ने सरे राह तलवार निकाल ली। बस स्टैंड पर हुए इस घटनाक्रम से लोग दहशत में आ गए। तलवार लहराते हुए दूसरे चालक को धमकाने के बाद वह वाहन लेकर फरार हो गया। बाद में पुलिस ने कृष्णगंज के समीप उसे पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार साइड लेने व ओवरटेक के चक्कर में दो वाहन चालकों में विवाद हो गया। रेवदर बस स्टैंड पर चालकों ने अपने-अपने वाहन रोक दिए, लेकिन इस दौरान एक ट्रोलर चालक ने तलवार लहराई। इससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। भीड़भाड़ भरे इलाके में तलवार लहराने से लोगों में अफरा-तफरी सी मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक वाहन चालक फरार हो गया। बाद में कृष्णगंज के समीप से पुलिस ने चालक को पकड़ लिया।

### बजट पर प्रतिक्रिया

## बजट सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश के सर्वांगीण विकास को समर्पित

बढ़ता राजस्थान



**पावटा(नि.स.)।** भजनलाल सरकार के तीसरे बजट को बुधवार को विधानसभा में वित्तमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। बजट को लेकर वरिष्ठ नेता पवन शर्मा जवानपुरा ने कहा यह बजट सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश के सर्वांगीण विकास को समर्पित है बजट 2026 निश्चित ही प्रदेश के विकास को गति प्रदान करेगा आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखा गया है बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों के विकास का खास ख्याल रखा गया है युवा पीढ़ी को मजबूत बनाने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया गया है राजस्थान जल नीति और सड़क हादसों को रोकने के लिए बनाए गए प्लान निश्चित ही भविष्य में प्रदेश के लिए सुखद संकेत है ।

**पवन शर्मा जवानपुरा**
**वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय सह संयोजक जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन**

## प्रदेश में महंगाई को कम करने का कोई रोड मैप नहीं दिया



बजट में कोटपूतली बहरोड़ जिले को कुछ नहीं मिला। प्रदेश में महंगाई को कम करने का कोई रोड मैप नहीं दिया। डीजल पेट्रोल पर सेस कम नहीं हुआ इससे इनकी रेट कम नहीं होगी। ईआरसीपी के नाम पर हमारे जिले को को बजट नहीं मिला। जिले में मिनी सचिवालय व अन्य सुविधाओं के लिए कोई खास घोषणा नहीं हुई। कृषि व किसानों के लिए बजट में कुछ खास नहीं। शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में भी जिले में कुछ नहीं हुआ। हमारे जिले के लिए बिल्कुल ही कोई खास घोषणा नहीं हुई। सरकार ने हमारे जिले को पूरे तरीके से बजट में दरकिनार किया है।

**इन्द्राज गुर्जर,पूर्व विधायक विराटनगर**
**अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ,कोटपूतली बहरोड**

## बनास ब्रिज पर दस दिन बंद रहेगा यातायात

### मरम्मत के लिहाज से बंद रहेगा वाहन संचालन

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** आबूरोड में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 से तलहटी मार्ग स्थित किंवरली बनास ब्रिज 13 फरवरी से दस दिन तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में यातायात संचालन के लिए अन्य रास्तों से वैकल्पिक व्यवस्था सुचारू रखी गई है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश परिहार ने बताया कि एनएच-27 से तलहटी मार्ग स्थित किंवरली बनास ब्रिज पर मरम्मत कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके लिए13 फरवरी से 22 फरवरी तक दस दिन यातायात आवागमन बंद किए जाने की आवश्यकता है। यातायात का सुचारू रूप से संचालन नजदीकी वैकल्पिक मार्ग से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सिरोही की ओर जाने के लिए तलहटी से भीमा पटेल मुदरला-काशी विश्वनाथ महादेव मन्दिर-वाया कासीन्द्रा होते हुए भूजेला एनएच -27 के लिए चालू रहेगा। वहीं, सिरोही से आबूरोड व माउंट आबू आने के लिये हनुमान टेकरी से तरतोली साई बाबा मंदिर मार्ग आवागमन के लिए सुचारू रहेगा।

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने स्काउट गाइड के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे द्वारा राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय के तत्वावधान में 9 से 12 फरवरी तक जयपुर में आयोजित राज्य पुरस्कार समारोह में आज स्काउट/गाइड क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्काउट/गाइड के पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री प्रमोद कुमार शर्मा को बार-टू-मैडल ऑफ मैरिट सम्मान से सम्मानित किया। सी.ओ. स्काउट श्री राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने बताया कि श्री प्रमोद शर्मा ने स्काउट/गाइड क्षेत्र में अलवर जिले को विशिष्ट पहचान दिलाई है। इनके द्वारा समाज सेवा, पर्यावरण, सामुदायिक विकास कार्यक्रम चलाकर जिले के स्काउट्स/गाइड्स के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। सी.ओ. गाइड विजयलक्ष्मी वर्मा ने बताया कि राज्य पुरस्कार समारोह में अलवर जिले के स्काउट श्री उमेश सैन, गाइड कुमकुम रोवर, श्री पवन कुमार सैनी, रेंजर मनु शर्मा को भी राज्य पुरस्कार प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राजस्थान बजट 2026-27 पर एनएसयूआई और कांग्रेस का हमला, युवाओं व प्रदेश हितों की अनदेखी का आरोप

बढ़ता राजस्थान





**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राजस्थान विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट पर विपक्षी नेताओं और छात्र संगठन एनएसयूआई ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) के प्रदेश सचिव मनोज स्वामी और कांग्रेस नेता ओपी बायला ने बजट को युवाओं और प्रदेश हितों की अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वाला बताया है। एनएसयूआई प्रदेश सचिव मनोज स्वामी ने कहा कि यह बजट युवाओं, छात्रों और आम जनता की उम्मीदों को पूरा करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को लेकर घोषणाएं तो की गई हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन और जमीनी प्रभाव को लेकर स्पष्टता नहीं है। स्वामी ने सरकार से बजट प्रावधानों का डेटा और कार्यान्वयन योजना सार्वजनिक करने की मांग की, ताकि युवाओं को वास्तविक लाभ की स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं के स्वावलंबन, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में ठोस कदमों का अभाव दिखाई देता है, जिससे युवा वर्ग में निराशा है। वहीं कांग्रेस नेता ओपी बायला ने बजट को प्रदेश के मूल मुद्दों से भटका हुआ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यमुना जल समझौते में राजस्थान के हितों की अनदेखी की गई है, जिसका असर किसानों और आमजन पर पड़ेगा। बायला ने कहा कि ईस्टर्न राजस्थान कैनाल जैसी महत्वपूर्ण योजना को 'राष्ट्रीय परियोजना' घोषित कराने में भाजपा की डबल इंजन सरकार विफल रही है। ओपी बायला ने यह भी कहा कि युवाओं के स्वावलंबन को लेकर सरकार की घोषणाओं पर भरोसा करना कठिन है, क्योंकि पूर्व में की गई घोषणाओं का आंकड़ा तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से पारदर्शिता बरतने और प्रदेश हितों को प्राथमिकता देने की मांग की।

## राज्यमंत्री देवासी धन्यवाद बैज से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को स्काउट गाइड संगठन धन्यवाद बैज प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में दिया गया। समारोह में राज्यमंत्री ने कहा कि स्काउट गाइड की सेवा हमेशा सराहनीय रही है। वे स्वयं भी स्काउट रहे हैं, इसलिए वे इन सेवाओं को नजदीक से जानते हैं। सीओ स्काउट एमआर वर्मा ने बताया कि सिरोही में स्काउट गाइड व छात्र-छात्राओं के लिए विधायक निधि कोष से 15 लाख रुपया स्वीकृत कर छह कमरे बनवाए हैं। इस पर राज्यमंत्री को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है।

## फर्जी 'साला' बनकर टोल पर दबंगई: सीएम के नाम पर वसूली का खेल, युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। लाहसाडिया टोल प्लाजा पर खुद को एसडीएम दिव्यांश सिंह का साला बताकर कई दिनों से टोल टैक्स में हेराफेरी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी टोल कर्मियों पर दबाव बनाकर बिना शुल्क कई गाड़ियों को पास कराता रहा जानकारी के अनुसार युवक स्वयं को एसडीएम का रिश्तेदार बताते हुए रौब झाड़ता था और टोल कर्मचारियों को धमकाकर गाड़ियों को बिना टोल निकलवाता था। मामले की भनक लगते ही एसडीएम दिव्यांश सिंह ने तुरंत संज्ञान लिया बताया जा रहा है कि जब आरोपी आज पुन: टोल प्लाजा पहुंचा तो कर्मचारियों ने इसकी सूचना सीधे एसडीएम को दी। एसडीएम ने तत्परता दिखाते हुए सदर थाना पुलिस को अलर्ट किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फर्जी 'साले' को हिरासत में लेकर सदर थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है पुलिस पूरे प्रकरण की गहन जांच में जुटी है तथा यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने अब तक कितनी गाड़ियों को बिना टोल पास कराया और उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था या नहीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अधिकारी के नाम का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

## पुण्यतिथि या जयंती मनाने का उद्देश्य महान व्यक्तियों के जीवन और कार्यो से प्रेरणा लेना होता है - राठौड़

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहित जैन)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की सिंधु शोध पीठ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 58वीं पुण्यतिथि पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता शिक्षाविद एवं चिंतक हनुमान सिंह राठौड़ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, व्यक्तित्व और विचारधारा पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में पुण्यतिथि या जयंती मनाने का उद्देश्य महान व्यक्तियों के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेना होता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 1916 में हुआ और बचपन में ही माता-पिता के निधन के बाद उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त की। वे अत्यंत प्रतिभाशाली छात्र रहे और अजमेर बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगे चलकर उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधा छोड़कर राष्ट्र सेवा का मार्ग चुना। उन्होंने राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और ऑर्गनाइजर जैसी पत्र-पत्रिकाओं तथा भारतीय अर्थ चिंतन और सम्राट चंद्रगुप्त जैसी पुस्तकों के माध्यम से समाज को वैचारिक दिशा दी। उन्होंने विशेष रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन को उनके जीवन का सबसे बड़ा योगदान बताया।

इस दर्शन में मनुष्य, समाज और प्रकृति को एक समग्र इकाई माना गया है तथा भारतीय समस्याओं का समाधान भारतीय दृष्टिकोण से खोजने पर बल दिया गया है। कार्यक्रम में युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर लिखित 15 खंडों की पुस्तकों का अध्यन कर उनके अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने की प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी प्रैक्टिशनर होने के साथ ही प्रीचर भी थे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में दीनदयाल जी के 'चिति' (राष्ट्र की आत्मा) के सिद्धांत पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र केवल शरीर नहीं, बल्कि आत्मा है और शिक्षा को जीवन दृष्टि बनाना ही दीनदयाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सिंधु शोध पीठ के निदेशक प्रो. सुभाष चंद्र ने विषय परिवर्तन के साथ साथ स्वागत भाषण दिया तथा कुलसचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अंजू अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम में प्रो.अरविंद परीक, प्रो. ऋतु माथुर, प्रो. मोनिका भटनागर, प्रो. प्रवीण माथुर, डॉ. अश्विनी तिवाड़ी, डॉ. सूरज मल राव, डॉ. राजू शर्मा, डॉ. लारा शर्मा, डॉ विवेक शर्मा सहित अन्य अतिथि शिक्षक, शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 70 वर्ष पुराने अमृतकौर चिकित्सालय को मिला नवजीवन : 15 करोड़ की ऐतिहासिक सौगात

### जिला प्रशासन के प्रयास सफल; जर्जर भवन की जगह होंगे नए हॉल, मरम्मत व आधारभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में राजस्थान सरकार ने राजकीय अमृतकौर जिला चिकित्सालय के सुदृढ़ीकरण हेतु 15 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह मंजूरी जिला कलेक्टर कमल राम मीना द्वारा भेजे गए प्रस्ताव और उनके सतत प्रयासों का परिणाम है। इस निर्णय से चिकित्सालय के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है गत दिनों जिला कलेक्टर द्वारा किए गए निरीक्षण में अस्पताल के हॉल एवं कमरों की स्थिति अत्यंत जर्जर पाई गई थी। लगभग 70 वर्ष पुराने भवन के तीन हॉल व बरामदे क्षतिग्रस्त होकर असुरक्षित घोषित किए जा चुके हैं। चिकित्सकों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने तथा मरीजों को हो रही असुविधा को देखते हुए चिकित्सा अधिकारियों ने नए हॉल/कमरों की आवश्यकता बताई थी स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जिला प्रशासन ने पुराने एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों के स्थान पर नवीन हॉल मय बरामदा निर्माण, पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत, टाइल्स कार्य, आंतरिक सड़क, नाली, सीवरेज व्यवस्था एवं जल निकासी सुधार हेतु 15 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा, जिसे बजट में स्वीकृति मिल गई। इस प्रावधान से चिकित्सकों को सुरक्षित एवं पर्याप्त कार्यस्थल मिलेगा तथा मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। अमृतकौर जिला चिकित्सालय से ब्यावर के साथ-साथ राजसमंद, पाली और भीलवाड़ा के निकटवर्ती क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलता है। बजट स्वीकृति के बाद चिकित्सा विभाग एवं आमजन में प्रसन्नता का वातावरण है और इसे स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सकारात्मक पहल माना जा रहा है।



## प्रागपुरा में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

### सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा(सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा कस्बे के सुभाष चौक पर बुधवार को संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन झीड़ा वाला बालाजी मंदिर पुजारी सोहनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें क्षेत्र के साधु संतों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रांत गौसेवा प्रमुख मोहन सिंह ने सनातन और हिंदुत्व के पांच आधार स्तंभ— सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और 'स्व' आधारित जीवन शैली का उल्लेख करते हुए इन्हें समाज संगठन की दिशा में आवश्यक बताया। नृसिंह मंदिर महंत मणीदास महाराज ने समाज से जाति, क्षेत्र और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए समाज को मूल्यों पर संगठित करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू उत्सव समिति द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों, युवाओं, महिला और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष बजरंग लाल चौधरी, उपाध्यक्ष ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रामनिवास सैनी, सचिव रतिपाल सिंह शेखावत, राजेन्द्र वशिष्ठ , अपर्णा अग्रवाल, सरोज यादव मुकेश सोनी व प्रमोद शर्मा आदि समिति सदस्यों ने मंच पर उपस्थित अतिथियों व सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। उपस्थित जनसमूह ने सनातन धर्म आधारित सेवा व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर महंत परशुरामदास महाराज, हरिदास महाराज, रघुवीरदास महाराज सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व ग्रामीण उपस्थित रहे।

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 101 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। गुरुवार 12 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष दशमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# मोंटेसरी ग्रेजुएशन व वार्षिक उत्सव में नन्हों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

## रयान इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर में भव्य आयोजन, 50 स्वर्णिम वर्ष भी मनाए




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रयान इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर में मोंटेसरी ग्रेजुएशन समारोह एवं वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसने पूरे सभागार को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

विद्यार्थियों ने बहुभाषी स्वागत भाषणों के माध्यम से विद्यालय की वैश्विक सोच और समावेशी शिक्षा प्रणाली को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य, संगीत प्रस्तुतियों तथा फिटनेस व खेल आधारित कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रस्तुतियों में एकता, सांस्कृतिक विविधता और आपसी सौहार्द का संदेश प्रमुखता से उभरा।

इस अवसर पर विद्यालय के 50 स्वर्णिम वर्षों का उत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह उपलब्धि संस्था की शिक्षा, संस्कार और नेतृत्व की सुदृढ़ विरासत को दर्शाती है। समारोह का मुख्य आकर्षण मोंटेसरी ग्रेजुएशन रहा। स्नातक परिधान में सजे नन्हे विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मोंटेसरी से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। 'प्रिंस एवं प्रिंसेस अवाड्र्स' विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय असवाल (आईएएस), दीपक भार्गव (आईपीएस), जगत सिंह पंवार (अतिरिक्त जिला न्यायाधीश), विश्व मोहन शर्मा (आईएएस), नीरज अरोड़ा (महासचिव, आईसीटीआई), ब्रिगेडियर कमल नारायण पंडित (सेवानिवृत्त), अनिल कुमार शर्मा (एसोसिएट डायरेक्टर, ईएचसीसी हॉस्पिटल) तथा कर्नल चंद्रशेखर (सेवानिवृत्त) उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की निदेशक सोनल मैम ने अपने संबोधन में मूल्यपरक शिक्षा और समग्र विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन उत्साह और उल्लास के साथ हुआ, जो विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार के लिए यादगार बन गया।

श्रद्धापूर्वक मनाया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'समर्पण दिवस'

# कार्यकर्ताओं ने लिया अंत्योदय के पथ पर चलने का संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल रींगस द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सीताराम जी मंदिर के समीप स्थित बावड़ी वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष विशाखा कुमावत ने कहा कि पंडित दीनदयाल का जीवन सादगी और राष्ट्र सेवा का अनुपम उदाहरण है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, पूर्व मण्डल महामंत्री दीपक बाजिया, पूर्व पार्षद विष्णु गंगावत एवं विष्णु चुलेट ने पंडित के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए गए अंत्योदय के मार्ग (समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय) पर चलकर ही राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाया जा सकता है। वक्ताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

### विकास कार्यों की सराहना

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने पार्षद दीपा गंगावत द्वारा बावड़ी के जीर्णोद्धार, सघन वृक्षारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना एवं मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए किए गए कार्यों का अवलोकन किया। कार्यकर्ताओं ने इन विकास कार्यों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल बताते हुए पार्षद की जमकर सराहना की। मण्डल महामंत्री रोशन सितमका ने बताया कि कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या, वरिष्ठ कार्यकर्ता मूलचंद जांगिड़, उपेंद्र पारीक, अरुण बावड़ीका, महेंद्र बावलिया, ओमप्रकाश शर्मा, बाबूलाल छीपा, संजय चोमूवाल, श्याम अग्रवाल, राजू, भगवान सहाय, रामावतार मंडोला एवं मालीराम कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जैसलमेर सीमेंट फेक्ट्री में मजदूरों ने मचाया उत्पात, स्थिति नियंत्रण के लिए पहुँची चार थानों की पुलिस ने पाया हालातो पर काबू

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर (रंजन दवे)।** राजस्थान के जैसलमेर में एक सीमेंट फैक्ट्री के मजदूरों ने प्लांट के एक अधिकारी के साथ हुई कहासुनी के बाद जमकर तोडफ़ोड़ की है। हालात इतने बेकाबू हुए कि सीमेंट प्लांट के अधिकारी ऑफिस स्टाफ, सुरक्षा गाड्र्स और स्थानीय पुलिस को भी एक बारगी पुलिस को भी छुपकर अपनी जान बचानी पड़ी। हालात काबू पाने के लिए चार थानों से पुलिस जाप्ता मंगवाना पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर स्थिति को कंट्रोल किया।मामला जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 45 किमी दूर रामगढ़ थाना इलाके के पारेवर गांव का है । कार्यरत सुपरवाइजर ने एक मजदूर को कम पर जाने से लिए रोक दिया, जिससे बहसबाजी के बाद मामला हाथापाई तक गया पहुंचा, इस बीच सुपरवाइजर ने मजदूर के बीच मारपीट हुई, जिससे वहां खड़े अन्य मजदूर भडक़ उठे।

# घुमंतू जातियों की समस्याओं का शीघ्र हो समाधान : घुमरिया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केसी घुमरिया ने विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू आदिम समुदाय की वाजिब मांगों को मानने का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि घुमंतू जातियों के आवास की समस्या लंबे समय से लंबित है, इस ओर सरकार को गंभीरता से सोचते हुए समाधान करना चाहिए। सरकार अब भी नहीं संभली तो इसका खामियाजा आगामी नगर निकाय और पंचायत चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। घुमरिया ने आज यहां एक बयान में आदिम समुदाय की मांगों का विस्तार से जिक्र किया। इस संदर्भ में इन्होंने 21 सूत्रीय मांगों को अविलंब मानने का राज्य सरकार से आग्रह किया।

### ये है प्रमुख मांगें

केसी घुमरिया ने कहा-विमुक्त घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जनजातियों की 21 सूत्रीय प्रमुख मांगों में अलग से 10 फीसदी आरक्षण देने, केन्द्रीय आवास एवं राज्य स्तरीय आवास योजना बनाने, 500 करोड़ रुपए का बजट आवंटित करने,कल्याण बोर्ड को संवैधानिक दर्जा देने, एसआईआर में कटे नामों की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठित करने, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विशेष योजना शुरू करने, इस समुदाय के किसानों को 25 बीघा कृषि योग्य भूमि आवंटित करने, डीएनटी अत्याचार अधिनियम बनाने, समुदाय के लोगों को आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, वोटर कार्ड जैसे दस्तावेज बनाने में आ रही बाधाओं को दूर करने, शिक्षा, स्वास्थ्य, वृद्ध पेंशन, बच्चों को आंगनबाड़ी जैसी सुविधाएं प्रदान करने समेत 31 अगस्त को विमुक्त घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जनजातियों के स्वामिभान मुक्ति दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए।

# वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) भंवर लाल बुगालिया के निर्देशन में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्र.सं. 1) अरविन्द कुमार जांगिड़, सांभर लेक के निर्देशानुसार न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय सांभर लेक भानुप्रिया सेहरा द्वारा राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, सांभर लेक में वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकारों तथा समाज व परिवार में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व के संबंध में विस्तृत विधिक जानकारी दी। पर्यावरण संरक्षण पर न्यायाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बना रहे इसलिए प्रत्येक विधार्थी को अपने घर के आसपास पौधे लगाने चाहिए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। लिगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पेंशन, इनकम टैक्स में छूट, बैंक एफ.डी. में छूट, रेल व बस में रिजर्व सीट व रियायती किराया, एकांकी वृद्ध दम्पति के लिए पुलिस सेफ्टी, बीमार होने पर आयुष्मान योजना, वरिष्ठ नागरिकों की सामान्य व गम्भीर बीमारियों के लिए समय समय पर मेडिकल कैम्प आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विधालय प्रधानाचार्य निर्मला मौर्य, विधालय स्टाफ सत्यनारायण शर्मा, मीना जैन, शेखर अग्रवाल, मगनाराम, ललिता स्वर्णकार, मीना जांगिड़, मुकेश बुनकर, ऋषि राज आदि उपस्थित रहे।

# 13 से 15 फरवरी तक आयोजित होगा 17वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर (रंजन दवे)।** विश्व की विभिन्न संगीत परम्पराओं, राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को एक मंच पर लाने वाला तीन दिवसीय 17 वें सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल 13 से 15 फरवरी, 2026 को ऐतिहासिक मेहरानगढ़ दुर्ग में मेहरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होगा। इस फेस्टिवल में भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

मेहरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि फेस्टिवल हिज हाईनेस महाराजा गज सिंह व गॉर्डन मैथ्यू संनर स्टिंग के संरक्षण में आयोजित होगा। फेस्टिवल निदेशक बाईजीलाल प्रिंसेज शिवरंजनी राज्ये व एलेक्जेंड्रा डी. फैडावल एवं आर्टिस्ट डायरेक्टर एलेन वेबर होंगे। 17वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल 13 से 15 फरवरी, 2026 को ऐतिहासिक व अपनी भव्यता व विरासत के लिए प्रसिद्ध मेहरानगढ़ दुर्ग में आयोजित हो रहा है। इस आयोजन में देश व विदेश के कलाकारों द्वारा आध्यात्मिक सूफी संगीत और नृत्य व भारतीय विरासत का शानदार प्रदर्शन होगा। सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल के आयोजन का उद्देश्य यहाँ पारम्परिक लोक संगीत, नृत्य और कलाओं को बढ़ावा देना व लोगो का सूफी संगीत और संस्कृति से जोडऩा, जिसमें देश व अन्तर्राष्ट्रीय कलाकारों की भागीदारी रहती है। यह इतिहास, संस्कृति व विरासत का एक अदभुत संगम है जो इससे जुडऩे वाले लोगों को मारवाड़ की संगीत परम्परा व विरासत की समृद्धि का अनुभव करायेगा। जोधपुर के मेहरानगढ़ में आयोजित यह फेस्टिवल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के देशी व विदेशी कलाकारों की भागीदारी से कला, संस्कृति व विरासत का अन्तर्राष्ट्रीय मंच बन गया है।

# श्री श्याम स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम बरडोती स्थित श्री श्याम पब्लिक माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह शाला निदेशक श्रवण लाल कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत-अभिनंदन किया गया।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शाला सचिव रुकमा कुमावत ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्रा अनीता एवं पायल ने भावुक शब्दों में कहा कि विद्यालय से विदा लेना कठिन है, लेकिन कर्तव्य पथ पर आगे बढऩे के लिए यह आवश्यक है।



## सम्पादकीय

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर विपक्ष की अनावश्यक आपत्ति

अमेरिका ने भारत के साथ होने वाले अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर जारी अपने दस्तावेज में जिस तरह दो बड़े बदलाव किए, उससे भारत के इस पक्ष को ही मजबूती मिली कि इस समझौते के मामले में साझा बयान की बातों को ही महत्व दिया जाए। अमेरिकी दस्तावेज में एक बदलाव यह है कि अमेरिका ने खाद्य एवं कृषि उत्पादों की सूची से दालों को हटा दिया। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया कि भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदने का इरादा रखता है। पहले इस दस्तावेज में कहा गया था कि भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदने का वादा कर रहा है। स्पष्ट है कि वादे और इरादे में अंतर होता है। इसके बाद भी इसमें संदेह है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति का अकारण और अतिरंजित विरोध करने वाले शांत बैठेंगे। कुछ किसान संगठन और विपक्षी राजनीतिक दलों ने विरोध का झंडा उठा भी लिया है। इसमें हमेशा की तरह कांग्रेस सबसे आगे है। गत दिवस लोकसभा में राहुल गांधी ने व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए यह कहा कि उसने भारत माता को बेच दिया और अमेरिका के सामने पूरी तौर पर समर्पण कर दिया। उन्होंने किसान हितों से लेकर देश की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता करने के भी आरोप लगाए, जबकि किसान हित सुरक्षित हैं और अभी यह स्पष्ट नहीं कि भारत रूस से तेल खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है। अमेरिकी दस्तावेज में बदलाव के बाद यह और आवश्यक हो जाता है कि अगले माह यानी मार्च में होने वाले अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की प्रतीक्षा की जाए, क्योंकि उसमें ही तस्वीर पूरी तरह साफ हो सकेगी, लेकिन यह स्पष्ट ही है कि राहुल गांधी जैसे विरोध के लिए विरोध करने वाले नेता चैन से बैठने वाले नहीं। वे यही प्रचारित करते रहेंगे कि भारत ने अमेरिका के सामने हथियार डाल दिए। गत दिवस उन्होंने यही किया। वे सरकार पर आरोप लगाकर सदन से चलते बने। उन्होंने अपने आरोपों के संदर्भ में सरकार का बयान सुनने की आवश्यकता नहीं समझी। इसका मतलब है कि उनका यही सोचना है कि वे किसी भी मामले में जो कुछ कहें, उसे ही अंतिम सत्य मान लिया जाए। निःसंदेह अमेरिका से होने वाले व्यापार समझौते को लेकर जारी साझा बयान के कुछ बिंदु ऐसे हैं, जिन पर स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है और उन पर बहस भी हो सकती है, लेकिन यदि कोई इस नतीजे पर पहुंच रहा है कि किसी भी देश के साथ होने वाला व्यापार समझौता पूरी तौर पर भारत के पक्ष में झुका हो तो यह संभव नहीं। द्विपक्षीय समझौते आपसी लेन-देन पर ही आधारित होते हैं। संबंधित देशों को एक-दूसरे के हितों की चिंता करते हुए अपने हितों की रक्षा करनी होती है। भारत ने यही किया है।



## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 12 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1266 - दिल्ली के सुल्तान नसीरुद्दीन शाह का निधन।
- 1502 - वास्को द गामा भारत की दूसरी यात्रा के लिए अपने जहाज़ में लिस्बन से रवाना हुआ।
- 1544 - इंग्लैंड में राजद्रोह के आरोप में जेन जेन ग्रे को मौत की सज़ा दी गई।
- 1577 - नीदरलैंड के नये गवर्नर आस्ट्रिया के डान जान ने गृहयुद्ध समाप्त करने का आदेश जारी किया।
- 1610 - फ्रांस नरेश हेनरी चतुर्थ ने जर्मन प्रोटेस्टेंट यूनियन के साथ समझौता किया।
- 1689 - विलियम और मेरी इंग्लैंड के राजा तथा रानी घोषित किये गए।
- 1736 - नादिरशाह फ्रांस का शासक बना।
- 1762 - ब्रिटेन की नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर क़ब्ज़ा किया।
- 1809 - ब्रिटिश वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन का जन्म।
- 1818 - दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
- 1882 - नीदरलैंड के एमेस्टरडम में सोशल डेमोक्रेटिक संघ की स्थापना।
- 1885 - जर्मन ईस्ट अफ्रीका कम्पनी का गठन हुआ।
- 1899 - जर्मनी ने स्पेन से मेरिनास कैरोलिन और पिल्यू द्वीप खरीदे।
- 1912 - चीन में मंचु वंश ने गद्दी छोड़ दी।
- 1922 - महात्मा गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी समिति को असहयोग आन्दोलन को समाप्त करने के लिये राजी किया।
- 1925 - उत्तरी यूरोप के बाल्टिक देश इस्टोनिया ने कम्युनिस्ट पार्टी पर प्रतिबंध लगाया।
- 1928 - गांधी जी ने बारदोली में सत्याग्रह की घोषणा की।
- 1934 - फ्रांस में श्रमिक आम हड़ताल पर।

## विशेष आलेख

# आत्मनिर्भर और समावेशी राजस्थान की परिकल्पना .....



संजय खाबिया

### 'राजस्थान बजट 2025-26 : शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान की नई दिशा'



राजस्थान सरकार द्वारा 10 फरवरी 2025 को प्रस्तुत किया गया बजट राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ने इस बजट में ऐसे कदम उठाए हैं जो महिलाओं, बच्चों और शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। यह बजट केवल संख्याओं का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राज्य की मानव पूंजी को सशक्त बनाने का एक व्यापक खाका है।

**आर्थिक दृष्टि से परिवर्तनकारी पहलें**

बजट का मुख्य फोकस ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला उद्यमिता को सशक्त बनाना रहा। सरकार ने 'लखपति दीदी योजना' का दायरा बढ़ाते हुए अब 20 लाख महिलाओं तक पहुँचाने की घोषणा की है। इस योजना के तहत महिलाओं को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वे स्वयं का व्यवसाय या लघु उद्योग शुरू कर सकें। इसके साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें स्थानीय उत्पादन, हस्तशिल्प, डेयरी और अन्य उद्यमों में जोडने का लक्ष्य रखा गया है। इन पहलों से न केवल ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय बाजारों को भी नई मजबूती मिलेगी।

सहकारिता क्षेत्र के विस्तार पर भी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। सहकारी समितियों और उपभोक्ता भंडारों को आर्थिक सहयोग देने से गांव-स्तर पर रोजगार और उत्पादकता बढ़ेगी। यह पहल ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता को नई गति प्रदान करेगी।

**महिलाओं और बच्चों पर दीर्घकालिक प्रभाव**

महिलाओं और बच्चों के कल्याण को इस बजट का केंद्र बिंदु माना जा सकता है। बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने नए देव नारायण बालिका विद्यालयों और छात्रावासों की स्थापना की घोषणा की है। यह कदम ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की बेटियों को उच्च शिक्षा की ओर बढने का अवसर देगा। इसी तरह, स्कूटी वितरण योजना जैसी घोषणाएँ लड़कियों के लिए कॉलेज या कार्यस्थल तक पहुँच को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएँगी। महिलाओं के लिए आसान ऋण और प्रशिक्षण सुविधाओं से उन्हें रोजगार और आत्मनिर्भरता दोनों के अवसर प्राप्त होंगे। बच्चों के लिए पोषण और स्वास्थ्य योजनाओं को भी सशक्त किया गया है। सुपोषण कार्यक्रमों के विस्तार से बच्चों की शारीरिक और मानसिक वृद्धि को बल मिलेगा। सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि हर बच्चे को जीवन के शुरुआती वर्षों में सही पोषण और शिक्षा मिले — जो भविष्य में एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव रखेगा।

**शिक्षा सुधार की नई दृष्टि**

राजस्थान सरकार ने इस बजट में शिक्षा को एक निवेश के रूप में देखा है, खर्च के रूप में नहीं। राज्य के विभिन्न हिस्सों में नए विद्यालय खोलने, आधुनिक शिक्षण तकनीक लागू करने और व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि शिक्षा अब केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उसे रोजगार और कौशल विकास से जोड़ा जाएगा। इस दिशा में डिजिटल कक्षाओं, स्मार्ट लर्निंग टूल्स और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी घोषणा की गई है। यह परिवर्तन आने वाले वर्षों में एक ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करेगा जो तकनीकी रूप से दक्ष, रोजगार-उन्मुख और आत्मनिर्भर होगी। इससे शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता और समानता दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

**भविष्य के लिए बजट की सार्थकता**

राजस्थान बजट 2025-26 का दीर्घकालिक असर सामाजिक ताने-बाने पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। महिलाओं को आर्थिक शक्ति और बच्चों को शिक्षा-पोषण के माध्यम से सशक्त करना, आने वाले वर्षों में राज्य की उत्पादकता और सामाजिक संतुलन दोनों को मजबूत करेगा। यह बजट दर्शाता है कि सरकार अब केवल आधारभूत ढांचे पर नहीं, बल्कि मानव संसाधन पर निवेश को भी समान महत्व दे रही है। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी के बिना कोई भी अर्थव्यवस्था स्थायी विकास नहीं कर सकती, और यही इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता है। कुल मिलाकर, राजस्थान का यह बजट सामाजिक संवेदना और आर्थिक दूरदृष्टि का अद्भुत संगम है। इसमें शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सहकारिता के माध्यम से एक नए राजस्थान की परिकल्पना झलकती है — ऐसा राजस्थान जो आत्मनिर्भर भी हो और समावेशी भी। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यदि इन योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो आने वाले वर्षों में राजस्थान न केवल शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक विकास के हर आयाम में एक मिसाल बनेगा।

# एआई पर लगाम, झूठ पर विराम: नया डिजिटल फरमान

*10 फरवरी 2026 को जारी संशोधित आईटी नियमों के तहत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अवैध और हानिकारक सामग्री हटाने के लिए केवल तीन घंटे का अल्टीमेटम दिया है।*



प्रो. आरके जैन

डिजिटल दुनिया में अब लापरवाही और देरी की कोई जगह नहीं बची है। एक झूठी खबर या फर्जी वीडियो कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और समाज में उथल-पुथल मचा सकता है। इसी गंभीर खतरे को समझते हुए भारत ने तकनीकी इतिहास में एक सख्त और निर्णायक कदम उठाया है। 10 फरवरी 2026 को जारी संशोधित आईटी नियमों के तहत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अवैध और हानिकारक सामग्री हटाने के लिए केवल तीन घंटे का अल्टीमेटम दिया है, जो 20 फरवरी 2026 से लागू होगा। पहले जहां कंपनियों को 36 घंटे का समय मिलता था, अब वह घटकर मात्र तीन घंटे रह गया है। यह फैसला साफ संदेश देता है कि भारत अब डीपफेक, फर्जी खबरों और डिजिटल अराजकता के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगा। इन नए नियमों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू एआई-जनरेटेड सामग्री पर विशेष ध्यान देना है। अब सभी कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ऑडियो, वीडियो और चित्रों को स्पष्ट रूप से लेबल करना अनिवार्य होगा। प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता यह घोषणा करें कि उनकी सामग्री एआई से बनी है या नहीं। साथ ही, जहां संभव हो, स्थायी मेटाडेटा को एम्बेड करना होगा, ताकि मूल स्रोत का पता लगाया जा सके। यह व्यवस्था डीपफेक और फर्जी वीडियो के बढ़ते खतरे पर रोक लगाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। इससे महिलाओं, सार्वजनिक हस्तियों और आम नागरिकों की गरिमा सुरक्षित होगी और समाज में विश्वास का वातावरण बनेगा। तीन घंटे की समयसीमा पहली नजर में सोशल मीडिया कंपनियों के लिए कठिन लग सकती है, लेकिन वास्तव में यह एक सकारात्मक और रचनात्मक दबाव है। मेटा, यूट्यूब और एक्स जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स अब अपनी तकनीकी क्षमताओं को और अधिक मजबूत करेंगे। एआई आधारित मॉडरेशन सिस्टम, ऑटोमेटेड डिटेक्शन टूल्स और रियल-टाइम मॉनिटरिंग तकनीकों का तेजी से विकास होगा। भारत का विशाल डिजिटल बाजार कंपनियों को मजबूर करेगा कि वे बेहतर और अधिक जिम्मेदार प्रणालियां विकसित करें। इससे न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी डिजिटल सुरक्षा के मानक ऊंचे होंगे। यह नियम कंपनियों को नवाचार के लिए प्रेरित करता है, न कि उन्हें सीमित करता है। इस नीति का सबसे बड़ा लाभ महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को मिलेगा। गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरों और वीडियो के मामलों में अब केवल दो घंटे की समयसीमा तय की गई है, जो पीडित्रों को त्वरित राहत प्रदान करेगी। पहले ऐसी सामग्री घंटों या दिनों तक वायरल हो जाती थी, जिससे मानसिक और सामाजिक नुकसान होता था। अब हटाने की प्रक्रिया इतनी तेज होगी कि नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नियम राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री पर विशेष ध्यान देता है। इससे डिजिटल हिंसा में कमी आएगी और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

## लघुकथा
बढ़ता राजस्थान

### दो आदमी



अक्सर मै अँग्रेज़ी सिनेमा देखने जाता हूँ और अर्ध-रात्रि को घर वापिस लौट कर आता हूँ । एक दिन रिक्शा वाले को किराया देने के लिये मेरे पास रेजग़ी न थी और उसके पास भी फुटकर पैसे न निकले । नज़दीक की सभी दूकानें बंद देख मैंने उसे एक पाँच का नोट दिया और अगले चौराहे से भुना लाने को कहा । कहीं वह नोट लेकर ही न भाग जाये इसलिये मैंने मन ही मन उसके रिक्यी का नंबर याद कर लिया था । और कुछ देर पश्चात् ही जब उस रिक्शावाले ने लौट कर पाँच रुपयों की पूरी रेजग़ी रख दी तो यह सोच मैं मन ही मन अत्यन्त लज्जित हुआ कि आदमी पर मेरा इतना भी विश्वास नहीं! एक दिन और मैं जब अर्ध-रात्रि को सिनेमा देख कर लौटा तो मेरे पास दो रुपये का एक नोट ही बच रहा था और मेरे रिक्शावाले के पास उसकी भी चिल्लर नहीं थी । अधिक रात बीत जाने के कारण आज भी पास की सभी दूकानें बन्द हो गई थीं । रिक्शावाले को मैंने नोट दिया और कहीं से चिल्लर ले आने के लिये कहा । जानबूझ कर इस मर्तबा मैंने रिक्शा का नंबर नोट नहीं किया । और बहुत देर तक मैंने ने उस रिक्शावाले की राह देखी किन्तु फिर वह लौट कर नहीं आया !

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# रसभरी खाने से सेहत को मिलेंगे ये फायदे, कब्ज से लेकर डायबिटीज की समस्या होगी दूर

01-इम्यूनिटी बूस्ट करे -रसभरी में विटामिन-सी एयर एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करते हैं। इसके सेवन से आप सर्दी-जुकाम और फ्लू से खुद का बचाव कर सकते हैं। साथ ही, इसके सेवन से खांसी की समस्या से भी छुटकारा मिल सकता है।

02-पाचन तंत्र को दुरुस्त रखे- रसभरी का सेवन करने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। दरअसल, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके सेवन से कब्ज जैसी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

03-हड्डियों को मजबूत बनाए - रसभरी का सेवन करने से हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसमें कैल्शियम और फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से हड्डियों और मांसपेशियों के दर्द से राहत मिल सकती है।

04-कोलेस्ट्रॉल को कम करे -रसभरी का सेवन दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। दरअसल, इसमें फाइटोकेमिकल्स जैसे पॉलीफेनॉल्स और केरोटेनॉएड्स मौजूद होते हैं, जो हाई बीपी को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। साथ ही, इसमें मौजूद सॉल्युबल पेक्टिन फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में मददगार होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से दिल से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

05-डायबिटीज में फायदेमंद- रसभरी का सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे। आप अपने कामों को कल पर डालने से बचें।

**वृष**
आज आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जिससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं। आप किसी विरोधी की बातों में आकर कोई इंवेस्टमेंट करने से बचें। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए धन के मामले में बढिय़ा रहेगा, क्योंकि जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी और यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपकी अंदर प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा और आपको अपनी मेहनत से बिल्कुल पीछे नहीं हटना है।

**सिंह**
आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी, इसलिए आपको किसी से कोई बात सोच समझकर कहनी होगी। अपनी उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील लंबे समय से आटकी हुई, थी, तो वह फाइनल हो सकती है। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई निर्णय लेने के लिए रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आप उनके कुछ जरूरी टेस्ट आदि भी करा सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपको किसी बात को लेकर ज्यादा उतावलापन नहीं दिखाना है। आप अपने लिए कुछ शॉपिंग आदि कर सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहेगा, जिस कारण आपको समस्या होगी, इसलिए आपको अपने खान-पान पर भी थोड़ा कंट्रोल करके चलना होगा और यदि कोई समस्या हो।

**मकर**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपकी किसी परीक्षा के परिणाम बेहतर रहेंगे, जिससे आपको परिवार के सदस्यों का भी प्यार मिलेगा और किसी पार्टी का आयोजन भी हो सकता है।

**कुंभ**
आज आपको कार्यक्षेत्र में किसी की कोई बात बुरी लग सकती है, जिससे आपके आपसी रिश्ते खराब होंगे, लेकिन आपको अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। यदि आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिले, तो आप उसमें थोड़ा संयम दिखाएं।

# भाजपा सरकार का बजट प्रदेश की जनता पर डंबल इंजन की सरकार का दोहरा कुठाराघातः पायलट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/टोंक (पुरूषोतम जोशी)**। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताते हुए इसे प्रदेश की जनता पर डबल इंजन की सरकार का दोहरा कुठाराघात बताया है। पायलट ने कहा कि पहले केन्द्रीय बजट में भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान की अनदेखी की गई और अब राज्य सरकार ने अपने बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग की आशाओं पर पानी फेर दिया है।

पायलट ने कहा कि झालावाड़ की स्कूल में हुए हादसे पर संज्ञान लेते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी और सरकार हफलनामे के माध्यम से यह स्वीकार भी किया था कि प्रदेश की स्कूलों की मरम्मत के लिए 21 हजार करोड़ रूपयों की आवश्यकता है। बावजूद इसके राज्य बजट में मात्र 500 करोड़ रूपये का प्रावधान किया जाना यह बताता है कि राज्य सरकार को विद्यार्थियों की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने बच्चों के भविष्य को अंधेरे में ढकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के वित्तीय कुप्रबन्धन के चलते राजस्व घाटा बढ़ा है, सरकार को कर्ज लेना पड़ेगा जिससे महंगाई बढ़ेगी। सरकार ने शब्दों के मायाजाल से अपनी दो वर्षो की नाकामी को छुपाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के गत् वर्षो के बजट की भांति यह बजट भी धरातल पर उतरने वाला नहीं है। पायलट ने कहा कि हाई टेक सिटी, आईटी सिटी और एयरो सिटी जैसी बड़ी घोषणाएं धरातल के बजाय केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं। सरकार अपने पिछले बजट्स की उपलब्धियों पर पूरी तरह मौन साधे हुए है। प्रदेश में बेरोजगारी की भयावह स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का चार लाख नौकरियां देने का वादा पूरा नहीं होना और निजी क्षेत्र के रोजगार आंकड़ों का सार्वजनिक न करना सरकार की विफलता को दर्शाता है। किसानों और गरीबों के मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए पायलट ने कहा कि नहरी क्षेत्रों में फार्म पौंड की सब्सिडी दो साल से बंद पड़ी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी न करना प्रदेश की गरीब जनता के साथ सीधा अन्याय है।

उन्होंने बजट में औद्योगिक और पर्यावरणीय दूरदर्शिता की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि टेक्सटाइल उद्योग पर अमेरिकी टैरिफ के संभावित संकट और सोलर पार्कों के नाम पर राज्यवृक्ष खेजड़ी के संरक्षण को लेकर सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राइजिंग राजस्थान के निवेश की असलियत और जल जीवन मिशन के लिए केंद्र से फंड न मिलने जैसी सच्चाई को जनता से छिपाकर सरकार अपनी मंशा को संदिग्ध बना रही है।

## जिला कलक्ट्रेट परिसर में पौष्टिक भोजन किफायती दर पर उपलब्ध



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में जिला कलक्ट्रेट परिसर में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा 'राज रसोई' संचालित की गई है। जिला कलक्टर काना राम ने बुधवार को इस कैन्टीन (रसोई) का शुभारंभ किया। कलक्टर ने महिला समूहों को कैन्टीन संचालन के लिए बधाई देते हुए कहा कि राज रसोई महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बनेगी। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि इस रसोई की संचालक महिलाएं गुणवत्ता, स्वच्छता और पारदर्शिता के साथ संचालन करते हुए इसे एक आदर्श के रूप में स्थापित करेंगी। उन्होंने बताया कि इस पहल से कलक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन को स्वच्छ, पौष्टिक एवं किफायती दरों पर नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध हो सकेगा।

जिला परियोजना प्रबंधक ने कहा कि राज रसोई के सदस्यों ने गुणवत्तापूर्ण सेवा एवं नियमित मॉनिटरिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। कुटुम्बश्री (केरल मॉडल) की राज्य प्रतिनिधि नीमा थॉमस ने भी महिला समूह आधारित इस मॉडल की सराहना करते हुए गुणवत्ता, वित्तीय अनुशासन एवं ग्राहक संतुष्टि पर विशेष बल दिया। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक जगदीश प्रसाद मीणा, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, जिला प्रबंधक कमल कुमार बैरवा, आईएफसी एंकर रूपेश शर्मा, एआरपी महेश शर्मा सहित राजीविका जिला इकाई के अधिकारी, स्वयं सहायता समूह की सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अकबर खान ने बजट पर जताई नाराज़गी, टोंक को रेल की सौग़ात नहीं देने पर लगाए उपेक्षा आरोप

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)**। रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष अकबर खान ने राजस्थान सरकार के राज्य बजट 2026 में एक बार फिर टोंक की रेल की मांग को एक बार फिर अधूरा छोड़ गया जबकि रेल लाओ संघर्ष समिति लगातार बजट से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी को ज्ञापनों के माध्यम से अवगत करा चुके हैं लेकिन सभी उम्मीदों पर एक बार फिर राज्य सरकार द्वारा पानी फेर दिया गया है।

## जिला कलेक्टर ने किया स्किल ट्रेनिंग सेन्टर का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)**। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को नगर पालिका उनियारा में राजस्थान कौशल एवं राजीविका विकास (आरएसएलडीसी) द्वारा संचालित स्किल टेऊनिंग सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दोरान टेऊनिंग सेन्टर की व्यवस्थाओं, सिखाई जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें सिखाई जा रही हैंड एंब्रोइडिंग एवं सिलाई कार्य की जानकारी ली साथ ही संस्था के रिकॉर्ड को भी जांचा। जिला कलेक्टर ने संस्था संचालक से वर्तमान में संचालित स्किल गतिविधि, छात्राओं की संख्या, प्रतिदिन छात्राओं की उपस्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। संस्था में छात्राओं की कम उपस्थिति एवं रिकार्ड का सही प्रकार से संधारण नही होने को उन्होंने गंभीरता से लिया। उन्होंने उनियारा तहसीलदार पूजा मीना को समस्त रिकार्ड की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने छात्राओं से बात कर उनकी पारिवारिक पृष्ठ भूमि, शिक्षा का स्तर, स्किल टेऊनिंग सेन्टर में आने की वजह, संस्था में दिये जा रही स्किल में कौशल एवं उनकी भविष्य की योजनाओं को लेकर संवाद किया। ग्राम बांलुन्दा में निर्माणाधीन सडक़ की गुणवत्ता को जांचा जिला कलेक्टर ने ग्राम बांलुन्दा में गांव के अन्दर बन रही सीसी रोड की गुणवत्ता को जांचा।



## युवा, किसान, महिलाओं और ग्रामीणों के लिए ऐतिहासिक बजटः डॉ किरोड़ी लाल मीणा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/जयपुर (राकेश शर्मा)**। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि राज्य का बजट 2026-27 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करते हुए 'विकसित राजस्थान 2047' के विजन को मूर्त रूप देने वाला है। यह बजट प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, आत्मनिर्भर बनाने और अन्नदाता की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आमजन, कृषक, पशुपालकों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से कृषि बजट में इस वर्ष 7.59 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। कृषि विकास, कृषक कल्याण और अन्नदाता की आय में वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, क्षमता विकास, कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्नत तकनीक को बढ़ावा देते हुए 200 करोड़ रुपये के अनुदान से 4 हजार किसानों के खेतों पर ग्रीन हाउस, पाली हाउस, शेड नेट, लो टनल और प्लास्टिक मल्च स्थापित किए जाएंगे। उद्यानिकी विकास के तहत औषधीय पौधों, मसाला फसलों, फूलों और सब्जियों की खेती को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने विश्वास जताया कि यह बजट युवाओं को अवसर, महिलाओं को सशक्तिकरण, किसानों को समृद्धि और ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की नई दिशा देगा तथा राजस्थान को विकसित राज्य बनाने की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा!

### बजट से होगा सर्वांगीण विकास - मानसिंह गुर्जर

भाजपा के जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रस्तुत किए गए ऐतिहासिक बजट को भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने सराहा है! जिलाध्यक्ष ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक बजट पर सम्पूर्ण प्रदेश के विकास पर ध्यान दिया गया है! बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, यह सर्व समावेशी और सर्व हितैषी बजट है 7 बजट किसान,युवा,महिला, मध्यम वर्ग और गरीब के उत्थान को समर्पित बजट है, बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर जोर दिया गया है, बजट में 6500 गांवों तक हर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में महिलाओं को अब 1.50 लाख तक के लोन का प्रावधान किया गया है, वही जिन मरीजों के पास डॉक्यूमेंट्स नहीं है उन्हें भी राजस्थान में फ्री इलाज मिलेगा।

## बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त,

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)**। पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अलग-अलग स्थानों से बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इसी प्रकार दतवास पुलिस ने बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। दतवास थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि अरणिया तिराहे से बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं रामचन्द्रपुरा गांव के समीप से बजरी से भरी एक ट्रॉली को जब्त किया है।

## राजस्थान सरकार के बजट को भाजपा ज़िलाध्यक्ष ने बताया आमजन हितैषी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)**। भाजपा जनसेवा संवाद केंद्र पर राजस्थान सरकार के बजट को सामूहिक रूप से सुना गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि यह बजट प्रत्येक राजस्थानवासियों के सपनों को साकार करने वाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट राजस्थान को विकसित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है।उन्होंने कहा कि सरकार के बजट से बुनियादी ढांचे के विस्तार, रोजगार सृजन, कृषि क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण तथा उद्योगों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य गांव, गरीब और किसान को सशक्त बनाना है।चौहान ने इस बजट को प्रदेश के समग्र विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।





**Rajasthan University of Health Sciences**

सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर-302033

दूरभाष : 0141-279515, 0141-2795508, 2795536, Email : registrar@ruhsraj.org

No. :- F.6 ( ) Store/RUHS/2025-26/37351 Date :- 05/02/2026

**Notice Inviting e-Bids**

Single Stage Two envelope bids are invited up to 02.00 pm of 19.02.2026 for Rate Contract of Event Management Work as per Scope of Work for Rajasthan University of Health Sciences, Jaipur (Total Est. Cost Rs. 30 Lacs). Details may be seen in the Bidding Documents at the Website **sppp.raj.nic.in or eproc.rajasthan.gov.in.**

**(UBN No. RUH2526SLRC00027)**

Registrar
RUHS, Jaipur

Raj.Samwad/C/25/19623



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PWD CITY DN.-I, JAIPUR.**

No.- 3692 Date: 4-2-2026

**Notice Inviting Bid No.- 95/2025-26**

Bids for Building Maintenance/Construction works are invited from interested bidders upto 11.02.2026 (05:00 P.M.). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in

UBN No.-
PWD2526WSOB22414, PWD2526WSOB22415, PWD2526WSOB22416,
PWD2526WSOB22417, PWD2526WSOB22418, PWD2526WSOB22419,
PWD2526WSOB22420, PWD2526WSOB22421, PWD2526WSOB22422,
PWD2526WSOB22423, PWD2526WSOB22424, PWD2526WSOB22425,
PWD2526WSOB22426, PWD2526WSOB22427, PWD2526WSOB22428,
PWD2526WSOB22429, PWD2526WSOB22430, PWD2526WSOB22431,
PWD2526WSOB22432, PWD2526WSOB22433 PWD2526WSOB22434

**(Jai Prakash Yadav)**
**Executive Engineer,**
**PWD City Dn.-I. Jaipur**

DIPR/C/2344/2026


## बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ आज से

# निवाई ब्लॉक में 21 केंद्रों पर हजारों परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की वर्ष 2026 की सीनियर सेकेंडरी व सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार से उपखंड क्षेत्र में शुरू होगी। परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने निवाई ब्लॉक में सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। इस बार निवाई ब्लॉक में कुल 21 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां लगभग 8 हजार 500 से अधिक परीक्षार्थी अपने भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने बताया कि शांतिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। निवाई मुख्य शहर में कुल 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शहर के प्रमुख केंद्रों में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, इम्मानुएल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल निवाई व सरस्वती विद्या मंदिर शामिल हैं। इन केंद्रों पर फर्नीचर, पेयजल व रोशनी की व्यवस्था का अंतिम दे दिया गया है। परीक्षा की गोपनीयता व निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष उडऩदस्तों (सतर्कता दल) का गठन किया गया है, जो परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। सभी केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा के लिहाज से पुलिस जाब्ता भी तैनात रहेगा ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को रोका जा सके। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है। प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित होगा। साथ ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच व किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा को लेकर दिनभर विद्यार्थी व अभिभावक अपने-अपने केंद्रों की स्थिति जानने के लिए विद्यालयों के चक्कर काटते नजर आए।


**कार्यालय उप वन संरक्षक, जयपुर (उत्तर)**

पुराना कोल डिपी, झोटवाडा रोड, पानी पेच, जयपुर-302018 e-mail dcf.jprn.forest@rajasthan.gov.inph. 0141-2303165

निविदा संख्या :- एफ ( ) उवसंजउ / स्टोर/2025-26/886 दिनांक :- 5-2-2026

**खुली निविदा**

इस वनमण्डल अधीन RANGE-CHOMU में CON.OF WATER TANK WORK करवाया जाना है। इस कार्य हेतु सर्वसाधारण विशेषकर PUCCA कार्य करने वाली फर्मों को निविदा के लिये आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादात दिनांक 05.02.2026 को 04.00 बजे से sppp.rajasthan.nic.in पोर्टल से निविदा डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र मय अन्न वांछित दस्तावेज अपलोड कर सकते है। निविदादाता को मूल डी.डी./ बिड सिक्योरिटी का घोषणा पत्र व अन्य दस्तावेज इस कार्यालय में दिनांक 12.02.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक जमा करवाने होंगे। निविदाएँ नियमानुसार वन मण्डल कार्यालय में दिनांक 12.02.2026 को सांय 04:00 बजे खोली जावेगी।

| क्र. सं. | नाम कार्य | कार्य क्षेत्रफल | अनुमानित राशि (रूपयों में) | बोली अमानत राशि 2% (रूपयों में) | बोली शुल्क (रुपयों में) | ऑनलाईन टेन्डर डाउनलोड करने प्रस्तुत करने की तिथि | डी.डी. जमा कराने का दिनांक | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CON.OF WATER TANK WORK | AS PER G-SCHE-DU LE | 393781/- | 7876/- | 500/- | दिनांक 05.02.2026 से 12.02.2026 01.00 बजे तक | दिनांक 05.02. 2026 से 12.02. 2026 02.00 बजे तक | दिनांक 12.02.2026 04.30 बजे |

01. निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं इसके अतिरिक्त यदि निविदादाता को निविदा के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है।
02. निविदा प्रपत्र SPPP पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है, पोर्टल से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर निविदा शुल्क राशि रु 500/- रू० का डी.डी. उप वन संरक्षक जयपुर (उत्तर) के नाम निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
03. मूल दस्तावेज मोहरबंद लिफाफे में दिनांक 12.02.2026 को दोहपर 02.00 बजे तक कार्यालय उप वन संरक्षक जयपुर (उत्तर) के नाम जमा करायी जावे।
04. निर्धारित समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर अमान्य कर दी जावेगी।
05. अद्योहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।

UBN-FOR 2526WSOB05386

उप वन संरक्षक,
जयपुर (उत्तर)

DIPR/C/2797/2026


## राज्य बजटः सवाई माधोपुर के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं

# जड़ावता के लिए राहतः 75 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिले में वर्ष 2025 में अतिवृष्टि के कारण विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित जड़ावता गांव के लिए राज्य बजट 2026-27 में 75 करोड़ रुपये का विशेष बाढ़ सुरक्षा पैकेज की घोषणा की गई है! राज्य बजट में की गई इस आपदा राहत पैकेज की मदद से भविष्य में गांव को पानी की मार से सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने के कार्य भी किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की ओर से बुधवार को राजस्थान विधानसभा में दिए गए बजट भाषण में जिले के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई। इनमें सडक़ों, जल प्रबंधन के लिए निर्माण कार्यों के साथ-साथ नए संस्थानों की स्थापना शामिल है।

### राज्य बजट में सवाई माधोपुर के लिए निम्न घोषणाएं की गई हैं -

- बहतेड़ गांव के पास मोरेल नदी पर एनिकट निर्माण (मलारना डूंगर)- 20 करोड़ रुपये
- मोरेल बांध की मुख्य नहर प्रणाली की मरम्मत एवं नवीनीकरण (बौंली, मलारना डूंगर)- 20 करोड़ रुपये
- सवाई माधोपुर में विभिन्न सडक़ों के सुदृढ़ीकरण कार्य- 15 करोड़ रुपये
- ग्रामीण एवं सम्पर्क सडक़ों पर स्थित विभिन्न पुलियाओं का निर्माण (खण्डार)- 7 करोड़ रुपये
- मानसरोवर बांध के वेस्टवियर एवं डाउन स्ट्रीम प्रोटेक्शन की मरम्मत (खण्डार)- 8 करोड़ रुपये
- नाहरसिंह पुरा में बामनवास महाविद्यालय से लेकर भोलू की ढाणी तक सडक़ (बामनवास)- 1 करोड़ रुपये
- सूरवाल बांध के ओवरफ्लो पानी की सुरक्षित निकासी हेतु बनास नदी में डाइवर्ट करने के लिए सर्वे एवं डीपीआर- 65 लाख रुपये साथ ही, जिला मुख्यालय पर नई सब्जी मण्डी, तलावड़ा (खण्डार) पशु चिकित्सालय, चाखरी में 132 केवी जीएसएस का निर्माण, सवाई माधोपुर में उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) की स्थापना, वन्यजीवों के इलाज के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून और भारतीय पशु चिकित्सा शोध संस्थान बरेली जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों की सहायता से विशिष्ट उपचार केन्द्र शुरू किया जाएगा। सवाई माधोपुर जिला कारागृह में आधुनिक मुलाकात कक्ष का निर्माण होगा। राज्य बजट में जिले के प्रसिद्ध पद दंगल सहित प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लोक-नृत्यों की विरासत को सहेजने के लिए संभाग स्तर पर 'लोक नृत्य उत्सव' आयोजित करवाने की भी घोषणा की गई है।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत माचाडी गांव के समीप बुधवार मध्यरात्रि एक दर्दनाक सडक़ दुर्घटना में 60 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। परिजन सुखराम मीना ने बताया कि उनके रिश्तेदार जगराम मीना, निवासी नांगल लाठ (टोडा भीम), जिला करौली, प्याज लेकर अलवर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान माचाडी गांव के पास उनकी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना गंभीर था कि जगराम मीना की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उन्हें तत्काल राजगढ़ चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची राजगढ़ थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर पार्थिव देह परिजनों को सुपुर्द कर दी।

## भूरियावास गांव में बंदरों और अवारा कुत्तों का आतंक, ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** भूरियावास गांव में बंदरों और अवारा कुत्तों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता हरीश पायला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि बंदर छोटे बच्चों को नोच देते हैं, घरों से सामान उठा ले जाते हैं और मटकी फोड़ देते हैं। इससे आमजन बहुत परेशान है। अवारा कुत्तों का भी आतंक बढ़ गया है। उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को जल्द ही समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता हरीश पायला, रामकिशन गुर्जर, राकेश गुर्जर, रामप्रताप गुर्जर, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा और उन्हें राहत मिलेगी।

## रेलवे लोको पायलट की बेटी शीतल मीना ने रचा नया इतिहास, राष्ट्रीय स्तर पर नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान



**रैणी(अलवर)।** ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर बेटियाँ जब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाती हैं, तो वह सिफऱ् अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन जाती हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है शीतल मीना की, जिन्होंने कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अलवर जिले के रैणी तहसील के ग्राम भजेड़ा निवासी शीतल मीना, रेलवे में लोको पायलट के पद पर कार्यरत रामचरण मीना की सुपुत्री हैं। शीतल वर्तमान में भोपाल नोवेल यूनिवर्सिटी, उदयपुर में फिजिकल डिपार्टमेंट की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में निरंतर अभ्यास और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। शीतल मीना 14 से 18 के बीच आंध्र प्रदेश में नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टहला के विद्यार्थियों ने जाने होटल के गुर

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टहला में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित फूड प्रोसेसिंग के विद्यार्थियों ने प्रभारी रामस्वरूप सैनी, रणजीत सिंह मीणा व मीनाक्षी कंवर के निर्देशन में गुलदार सरिस्का रिसोर्ट में औद्योगिक भ्रमण किया। होटल कार्मिक विकास कुमार, बबलू राम व अन्य ने विद्यार्थियों को फूड प्रोसेसिंग से संबंधित संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कराने पर संस्था प्रधान सुनील कुमार यादव ने होटल प्रशासन का आभार व्यक्त किया ।

## बार काउंसलिंग आफ राजस्थान के चुनाव में सदस्य पद के प्रत्याशी ने किया अलवर का दौरा,वकीलों से मिलकर समर्थन मांगा




बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** बार काउंसलिंग ऑफ राजस्थान के चुनाव में सदस्य पद के लिए प्रत्याशी राजेंद्र खंडेलवाल भरतपुर ने अलवर का दौरा किया बार काउंसलिंग के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान सहित काफी वकीलों से संपर्क कर समर्थन मांगा। वकीलों ने चुनाव प्रचार हेतु आए राजेंद्र खंडेलवाल भरतपुर को आश्वासन दिया एवं अलवर शहर की वकीलों ने पूर्ण समर्थन देने की बात कही। इस मौके पर उमाकांत खंडेलवाल, रमेश मीणा, अमित चौधरी, मनीष जैन, धर्मवीर यादव, ज्योति स्वरूप शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, विशंभर दयाल खंडेलवाल, मनीष जैन एवं भरतपुर से आए प्रदीप मुदगल, अरुण मुदगल, प्रमोद शर्मा, मयंक एडवोकेट, जितेंद्र कुमार, मधु वर्मा, अनिल कुमार सक्सेना और रजनीश कटारा आदि मौजूद रहे।

## रेलवे विस्तार को लेकर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की सक्रिय पहल रंग लाई

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** लोकसभा क्षेत्र की माननीय सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ के निरंतर प्रयासों एवं सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप मेवाड़ अंचल को आधुनिक रेल सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। सांसद द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर तथा उनसे व्यक्तिगत भेंट कर क्षेत्र की रेल आवश्यकताओं से अवगत कराया गया। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने अहमदाबाद से उदयपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन की पुष्टि की। यह वंदे भारत एक्सप्रेस दिनांक 16 से प्रारंभ होने जा रही है, जिससे मेवाड़ क्षेत्र को तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल संपर्क उपलब्ध होगा।माननीय सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि भविष्य में इस वंदे भारत एक्सप्रेस को उदयपुर से आगे मुंबई तक विस्तारित किया जाए।

# जिला कलक्टर ने कठूमर क्षेत्र का दौरा सौखरी में औद्योगिक क्षेत्र, सीएचसी एवं पॉली हाउस का किया निरीक्षण

### सौखरी में विकसित किए जा रहे रीको औद्योगिक क्षेत्र को एग्रोबेस्ड इंडस्ट्रीज को केंद्र में रखकर विकसित कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कठूमर क्षेत्र का दौरा कर सौखरी में विकसित किए जा रहे रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीएचसी कठूमर एवं नंगला खूबा में पॉली हाउस का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने सौखरी में रीको औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण कर रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिये कि एग्रोबेस्ड इंडस्ट्रीज को केंद्र में रखकर औद्योगिक क्षेत्र को विकसित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्र में औघोगिक इकाइयों के लिए सभी आधारभूत सुविधाएं विकसित करें। इसके उरान्त उन्होंने सीएचसी कठूमर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिये कि सीएचसी में नगर पालिका से समन्वय कर नया शौचालय बनवाए। साथ ही भवन के रंग-रोगन का कार्य भी कराया जावे। सीएचसी में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) योजना के तहत अधिकाधिक मरीजों के पैकेज बुक करें, जिससे सीएचसी की आय में इजाफा हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय परिसर एवं शौचालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर दवा, इलाज सहित सीएचसी की सुविधाओं का फीडबैक लिया, जिस पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने सीएचसी की सभी सुविधाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर की। इसके उपरान्त जिला कलक्टर ने गांव नंगला खूबा में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत विकसित पॉली हाउस का निरीक्षण किया, जिस पर कृषक श्री संदीप शर्मा ने योजना के तहत पॉली हाउस के निर्माण हेतु 32 लाख रूपये का अनुदान मिलने के बारे में बताया। कृषक श्री संदीप शर्मा ने बताया कि पॉली हाउस विकसित किए जाने से आधुनिक खेती को बढावा मिलने के साथ आय में वृद्घि हुई है। जिला कलक्टर ने उद्यान विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि जिले में आधुनिक खेती को बढावा देने हेतु योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कृषकों को योजना की जानकारी देवे तथा पॉली हाउस निर्माण हेतु प्रोत्साहित करें। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी कठूमर श्री श्याम सुंदर चेतीवाल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक श्री परेश सक्सेना, उद्यान विभाग के उप निदेशक श्री के. एल मीना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### संवेदनशील कलक्टर पहुँचे घर-घर, सुनी हर पीड़ा

## संपर्क पोर्टल की शिकायतों का मौके पर सत्यापन, ग्रामीणों ने जताई संतुष्टि

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश करते हुए ग्राम नन्नाना, टीकर तथा खाखरमाला ग्राम पंचायत क्षेत्र में व्यक्तिगत रूप से पहुँचकर संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निस्तारण का मौके पर सत्यापन किया। कलक्टर ने गांव की गलियों में पैदल भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।ग्राम टीकर और नन्नाना में खुली नालियों की स्थिति देखकर कलक्टर ने चिंता व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल नाली निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। एक उपभोक्ता के निवास पर पहुँचकर अधिक बिजली बिल की शिकायत का भी सत्यापन किया गया। उपभोक्ता ने कलक्टर के समक्ष समाधान पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए राहत स्वीकार की। यह दृश्य उपस्थित ग्रामीणों के लिए भावुक क्षण बन गया, जब प्रशासन स्वयं उनके द्वार पर खड़ा दिखाई दिया। कलक्टर हसीजा ने गलियों में घूमते हुए कहीं कंधे पर हाथ रखकर तो कहीं चाय पर बैठकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। उनकी इस सहज और मानवीय शैली से ग्रामीणों में खुशी और विश्वास का वातावरण दिखाई दिया। लोगों ने कहा कि ऐसा प्रशासनिक संवेदनशीलता का उदाहरण कम ही देखने को मिलता है।इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, तहसीलदार पारस बुनकर, एवीवीएनएल के एसई बी एस शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कलक्टर हसीजा की यह पहल दर्शाती है कि जब प्रशासन घर-घर पहुँचकर समस्याएं सुनता है, तो समाधान के साथ विश्वास भी जन्म लेता है।

## बानसूर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चतरपुरा को मिली बजट में बड़ी सौगात : तोनगुरिया



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के लिए जो कोई कार्य किया वह कोई विधायक नहीं कसका यह वाक्य चतरपुरा सरपंच ने कही। चतरपुरा सरपंच नीरज तोनगुरिया ने कहा कि विधानसभा में क्षेत्र में पहला विधायक ऐसा देखा है कि उन्होंने जो कहा वह कर दिखाया !मैं माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी एवं विधायक देवीसिंह शेखावत का आभार व्यक्त करना चाहूँगा कि एक दलित सरपंच को इतनी बड़ी सौगात दी है।

बानसूर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाली घोषणाओ में पशु चिकित्सा उप-केंद्र चतरपुरा का पशु चिकित्सालय मेंवल कर्मोनतविकास की राह पर आगे बढया बानसूर के क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक देवीसिंह शेखवात का कोटि कोटि आभार जिनके अथक प्रयास से ग्राम पंचयात चतरपूरा के पशु उपकेंद्र को पशु चिकित्सालय मे कर्मोनत करने व पशुचिकित्सालय उपकेंद्र भवन निर्माण के लिए रूपये स्वीकृत करवाने के लिए सादर धन्यवाद।वहीं उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के छोटे से निवेदक पर बजट सत्र मे कार्य करवाने पर कोटि कोटि सादर धन्यवाद।तोनगुरिया ने कहा कि ग्राम पंचायत चतरपुरा वासियों की तरफ से आभार इस अवसर पर सरपंच नीरज कुमार तौनगरिया ने ग्राम पंचयात मे मिठाई बाँटकर नई शोगात मिलने पर खुशी का इजहार किया है। इस मोके पर ओमपाल सिंह पंच, भवानी सिंह पंच, महावीर मीणा , रघुवीर सिंह जाट,मनोहर सैनी, टीकम सिंह, रामु यादव , उमेश शर्मा, सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारतीय वायु सेवा करेगी पोखरण एयर टू ग्राउंड रेंज में वायुशक्ति-26 अभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर,(रंजन दवे)।** भारतीय वायु सेना 27 फरवरी 2026 को जैसलमेर के पोखरण एयर टू ग्राउंड रेंज में वायुशक्ति-26 अभ्यास में अपनी क्षमता प्रदर्शित करेगी। इसके अलावा देश के भीतर और विदेशों में संघर्ष क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से हवाई सहायता और बचाव और निकासी जैसे मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन का भी जीवन प्रदर्शन इस वार एक्सरसाइज में देखने को मिलेगा। वायुसेना युद्धाभ्यास में तेजस, राफेल, जगुआर, मिराज-2000, सुखोई-30एमकेआई, मिग-29, हॉक, सी-130जे, सी-295, सी-17, चेतक, एएलएच एमके-फोर्थ मि-17 फोर्थ, एलसीएच, अपाचे, चिनूक और रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सहित युद्धक परिवहन और हेलीकॉप्टर सहित वायुसेना के कई विमान शामिल होंगे। अभ्यास में शॉर्ट रेंज लॉइटरिंग मुनिशन्स, आकाश, स्पाइडर और काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम्स (सीयूएएस) जैसे उन्नत हथियार प्रणालियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें दिन, शाम और रात में मिशन संचालित किए जाएंगे। वायुशक्ति-26 ,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भी दर्शाएगा, जो हवाई क्षेत्र में प्रभुत्व, लंबी दूरी तक सटीकता से मार करने, बहु-क्षेत्रीय अभियानों और 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना से निर्देशित स्वदेशी प्लेटफार्मों द्वारा निर्णायक प्रभावकारी क्षमता संपन्?न भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठता को दर्शायेगा ।

## बाल विहार कैंपस में 'कॉमर्स जंक्शन 'का भव्य उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान




**अलवर(का.स.)।** दिनांक 11 फरवरी को बाल विहार कैंपस में 'कॉमर्स जंक्शन 'का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर करतार सिंह वह पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और ऐसे संस्थान युवाओं के उज्जवल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब बहुत सारे कोर्स एक ही छत के नीचे कराए जाएंगे । अब कॉमर्स जंक्शन में सीए फाउंडेशन के साथ-साथ सीएमए,सीए,सीएस कॉमर्स में, सीयूईटी दिल्ली यूनिवर्सिटी व एनडीए,सीएलएटी विभिन्न धाराओं से, ह्यूमैनिटी साइंस,जी,नीट विज्ञान में,और कॉमर्स के साथ सभी कोर्स करवाए जाएंगे। मुख्य अतिथि द्वारा स्कॉलरशिप परीक्षा में प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को 5100 रु का, द्वितीय को 3100 रु का, वह तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को 2100 रु का इनाम दिया गया साथ में मोमेंटो व सर्टिफिकेट भी दिए गए। इस कार्यक्रम में डॉ मोहनलाल सिंधी, डॉ लव कुंदनानी, सिंधी समाज के अध्यक्ष एवं मुख्य अधिकारी उपस्थित थे । मुख्य अतिथियों का स्वागत संस्था 'कॉमर्स जंक्शन' व एसवीए पब्लिक स्कूल के संस्थापक हरीश शाही व करिश्मा शाही ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस कोचिंग संस्थान में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी।अंत में सभी को एसवीए पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती तारा चौहान ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का अंत नाश्ते से किया गया।

### जैसा नाम वैसा काम,जो कहा वह पूरा हुआ,हर धर में उजियाला

## शिक्षामुखी,रोजगारमुखी सहित हर क्षेत्र में विकास करने वालाबजट : बोहरा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** क्षेत्र के सबसे वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ शशिकांत बोहरा ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जैसा नाम वैसा काम बजट में तीसरी बार दिखाई दे रहा है। डॉ बोहरा ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार की एक महिला वित्त मंत्री दिया कुमारी जी ने एक ऐतिहासिक बजट पेश किया है जिस पर बोलने के लिए विपक्ष के पास भी कुछ नहीं बचा है।उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षामुखी और रोजगारमुखी है। जिसमें शिक्षा पर अधिक बल देते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया है। वहीं रोजगारमुखी इसलिए कह सकते हैं कि विभिन्न विभागों में संविदा के जरिए या स्वरोजगार के जरिए रोजगार दिया जाएगा। डॉ बोहरा ने कहा कि चाहे लखपति दीदी हों या अन्य बेरोजगार सभी का इस बजट में खयाल रखा गया है। जहाँ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने जो विकसित भारत का नारा दिया था उसे साकार करने में यह बजट रामबाण साबित होगा।उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि 2027में राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य होगा जिसे पिछड़ा राज्य कहा जाता था। मैं शुभकामनाएं देना चाहूँगा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री दिया कुमारी जी को जिन्होंने जैसा नाम वैसा काम करके दिखाया है। डॉ बोहरा ने कहा कि मैं वैसे ही नहीं कहता कसौटी पर देखकर कहता हूँ। भजनलाल शर्मा का तात्पर्य अरतार्थ भजन करो !तो दिया कुमारी का अरतार्थ उजियारा होता है। हम सब सनातनी हैं हमें भगवान के भजन करने चाहिए और दिया रोशनी देता है जिससे हमें अँधेरे में भी सबकुछ दिखाई देता है।

## केलवा में जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 80,100 रुपये के नकली नोट बरामद

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 80 हजार 100 रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। साथ ही नकली नोट छापने में उपयोग किए जा रहे प्रिंटर, स्याही के कंटेनर, पेपरशीट, कटर सहित अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं।थाना अधिकारी सुबोध जांगीड़ ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जैतपुरा गांव के एक मकान में नकली नोट छापे जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी और मौके से दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आमेट थाना क्षेत्र के आगल गांव निवासी नारायण लाल पुत्र मोहन लाल गुर्जर (उम्र 33 वर्ष) तथा कमलेश गुर्जर पुत्र मोहन लाल गुर्जर (उम्र 23 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 रुपये के 15 नोट, 200 रुपये के 362 नोट और 50 रुपये के 4 नोट बरामद किए। सभी नोटों पर एक ही सीरियल नंबर अंकित मिला, जिससे इनके नकली होने की पुष्टि हुई। बरामद नकली नोटों की कुल राशि 80,100 रुपये बताई जा रही है।पुलिस ने मौके से नकली नोट तैयार करने में प्रयुक्त प्रिंटर, स्याही, विशेष पेपरशीट, कटर व अन्य उपकरण जब्त कर लिए हैं।

# कोटा मंडल में महाप्रबंधक का व्यापक निरीक्षण, सुरक्षा एवं संरक्षा पर विशेष जोर

## आधुनिक प्रशिक्षण संस्थान व डिजिटल निरीक्षण प्रणाली का शुभारंभ, ट्रैकमैन, यात्रियों व व्यापारियों से सीधा संवाद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने बुधवार को कोटा मंडल का व्यापक निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधोसंरचना विकास, कार्य गुणवत्ता, यात्री सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा एवं संरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण की शुरुआत नवस्थापित मंडल बहु-विषयक प्रशिक्षण संस्थान (एमडीटीआई), कोटा के उद्घाटन से हुई। यह संस्थान रेल कर्मचारियों के कौशल उन्नयन, परिचालन दक्षता तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। वर्तमान में परिचालन तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं। संस्थान में 48 बेड की आवासीय सुविधा एवं भोजनालय की व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित होगी। सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित डिजिटल निरीक्षण प्रबंधन मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया गया। यह ई-निरीक्षण प्रणाली निरीक्षण टिप्पणियों के सृजन, अनुपालना की निगरानी तथा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने में सहायक होगी। इससे जवाबदेही बढ़ेगी तथा सुरक्षा मानकों के पालन में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। महाप्रबंधक ने कोटा स्थित विस्तारित यंत्रीकृत लॉन्ड्री का निरीक्षण करते हुए वातानुकूलित कोचों की लिनेन धुलाई प्रक्रिया का अवलोकन किया और स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों के पालन पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात उन्होंने न्यू कोटा रेलवे स्टेशन तथा रामगंज मंडी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना अंतर्गत प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। स्टेशन भवन, यार्ड, प्वाइंट संख्या 132 एवं क्रॉसिंग के मानकों की जांच की गई। इस दौरान महाप्रबंधक ने ट्रैकमैन कर्मचारियों से सीधा संवाद किया और उनसे कार्यस्थल पर उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों, संरक्षा उपायों एवं कार्य परिस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने ट्रैक रखरखाव में संलग्न कर्मचारियों की भूमिका को रेलवे सुरक्षा की रीढ़ बताते हुए संरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए। झालावाड़ सिटी तथा झालरापाटन रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रणाली, ट्रांसफर सब स्टेशन, आईपीएस कक्ष, बैटरी कक्ष एवं सिग्नल व्यवस्था की समीक्षा की गई। आईपीएस कक्ष में अग्नि सुरक्षा अलार्म प्रणाली की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। झालरापाटन में गुड्स लोडिंग लाइन का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक ने हाल ही में डी-ऑयल्ड केक की पहली रैक लोडिंग के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से चर्चा कर माल परिवहन की सुविधा, समयबद्धता एवं सुरक्षा व्यवस्था के विषय में फीडबैक प्राप्त किया। साथ ही स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों से संवाद कर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा एवं संरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में सुझाव लिए।



# रामगंजमंडी विधानसभा को बजट में सौगातें, शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़े प्रावधान: मदन दिलावर

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/जयपुर (नि.स.)।** राज्य बजट में रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के लिए सड़क, सिंचाई, नगरीय विकास और औद्योगिक विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणाएं की गई हैं। देवली कला से घाटोली तक 8 किमी सड़क निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। सुकेत नगर पालिका क्षेत्र में एनएच-52 और एसएच-9बी पर लिफ्ट पोर्शन व नाला निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपये तथा रामगंजमंडी में सिटी पार्क के लिए 1 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की घोषणा भी की गई है। 2500 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में ओपन जिम और खेल मैदान विकसित किए जाएंगे।



सिंचाई क्षेत्र में हथोना द्वितीय (चेचट) में एनीकट निर्माण व मरम्मत, 5000 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र बढ़ाने के लिए डब्ल्यूएचएस व वितरण तंत्र की डीपीआर हेतु 50 लाख रुपये, चेचट में तकली नदी किनारों के सुदृढ़ीकरण व नाला निर्माण के लिए 12.50 करोड़ रुपये तथा डोलिया लघु सिंचाई परियोजना (लाडपुरा) के जीर्णोद्धार के लिए 3 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इधर, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बजट को संतुलित और सर्वकल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि स्कूलों के जीर्णोद्धार और निर्माण के लिए 1 हजार करोड़ रुपये तथा 400 स्कूलों को चरणबद्ध रूप से सीएम राइज स्कूल में क्रमोन्नत करने के लिए 1 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। टॉयलेट से वंचित सभी स्कूलों में टॉयलेट बनाए जाएंगे। 1000 स्कूलों में एआई लैब स्थापित होंगी। घुमंतू जाति के बच्चों के लिए प्रत्येक जिले में 'स्कूल ऑन व्हील' शुरू किया जाएगा। खेल प्रोत्साहन राशि 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये की गई है। कक्षा 8, 10 और 12 के मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट हेतु 20 हजार रुपये सहायता तथा कक्षा 9 की जरूरतमंद बालिकाओं को साइकिल के लिए डीबीटी ई-वाउचर दिए जाएंगे। संस्कृत शिक्षा में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 500 सीटें बढ़ाई गई हैं।

## बजट जन-जन की अपेक्षाओं के अनुरूप, रामगंजमंडी को सिटी पार्क की सौगात: पंकज मेहता, अखिलेश मेड़तवाल

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के तीसरे बजट को जन-जन की अपेक्षाओं के अनुरूप बताते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मेहता ने कहा कि कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर की मांग पर रामगंजमंडी में सेफ्टी पार्क/सिटी पार्क के लिए 1 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अकलेश मेड़तवाल ने कहा कि इससे वर्षों पुरानी पार्क की मांग पूरी होगी। मेहता ने बताया कि बजट में 50 हजार बुजुर्गों के लिए एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा, महिलाओं के लिए प्रति माह 1200 डीबीटी, सभी के लिए नि:शुल्क इलाज (दस्तावेज न होने पर भी), हाईवे रेस्ट एरिया पर एम्बुलेंस, कोटा में टेक्नोहब, सीएचसी पर ईसीजी/टेली-ईसीजी, ट्रॉमा सेवाओं के लिए 150 करोड़ और मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना जैसे प्रावधान शामिल हैं। साथ ही ई-मित्र सेवाओं को व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराने की घोषणा को उन्होंने डिजिटल क्रांति की दिशा में बड़ा कदम बताया।

## राज्य बजट से रामगंजमंडी को निराशा: पवन बाबेल

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (नि.स.)।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बाबेल ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा पेश किया गया बजट रामगंजमंडी क्षेत्र के लिए पूरी तरह निराशाजनक साबित हुआ है। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार ने एक बार फिर क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांगों को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि कोटा स्टोन रॉयल्टी में कोई कमी नहीं की गई, जिससे स्टोन उद्योग से जुड़े व्यापारियों और मजदूरों को राहत नहीं मिल पाई। स्टोन पार्क के लिए भी बजट में कोई ठोस और बड़ा कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की जरूरतों के बावजूद नए थानों की घोषणा नहीं होना भी चिंता का विषय है। पवन बाबेल ने कहा कि सुकेत को उपतहसील का दर्जा दिया जाना चाहिए था, लेकिन इस मांग को भी अनदेखा किया गया। निमाणा कॉलेज में पीजी कक्षाएं शुरू करने की कोई घोषणा नहीं होने से विद्यार्थियों में निराशा है। साथ ही किसानों के हित में धनिये पर टैक्स कम नहीं किया जाना किसान विरोधी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता, किसानों, व्यापारियों और युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। कांग्रेस पार्टी इन जनहित के मुद्दों को लेकर आगे भी संघर्ष करती रहेगी।

## बजट में बूंदी के साथ फिर हुआ कुठाराघात, सरकार ने की पूर्णतया उपेक्षा: विधायक हरिमोहन शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए वर्ष 2026-27 के बजट को बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने पूरी तरह से दिशाहीन और निराशाजनक करार दिया है। विधायक शर्मा ने कड़े शब्दों में सरकार की निंदा करते हुए कहा कि इस बजट में बूंदी की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है और जिले की महत्वपूर्ण मांगों को दरकिनार कर दिया गया है।

मुख्य मांगों पर सरकार का मौन

विधायक शर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बूंदी को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने एक बार फिर जिले को खाली हाथ रखा है।

बजट में प्रमुख अभाव इस प्रकार रहे-

मिनी सचिवालय- लंबे समय से प्रतीक्षित मिनी सचिवालय की स्थापना पर कोई घोषणा नहीं।

आईटी की स्थापना- शहर के व्यवस्थित विकास के लिए यूआईटी की मांग को अनसुना किया गया।

केडिए से मुक्ति: बूंदी को केडीए के दायरे से मुक्त करने पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



सड़क ढांचा- पूरे बजट में बूंदी के लिए एक भी नई सड़क की घोषणा नहीं की गई।

लोकसभा अध्यक्ष के आश्वासन पर उठाए सवाल

विधायक हरिमोहन शर्मा ने सीधा हमला बोलते हुए कहा, बड़े अफसोस की बात है कि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी द्वारा सार्वजनिक रूप से आश्वासन देने के बाद भी बूंदी को मिनी सचिवालय नहीं मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि सांसद महोदय ने प्रभावी पैरवी नहीं की और जनता को केवल झूठा आश्वासन दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के बड़े नेता नहीं चाहते कि बूंदी में मिनी सचिवालय का निर्माण हो।

पुराने कार्यों की री-पैकेजिंग का आरोप

विधायक ने तकनीकी खामियों को उजागर करते हुए बताया कि बजट में कुछ नया करने के बजाय पुरानी योजनाओं को ही चमकाकर पेश किया गया है।

बूंदी शहर के लिए हुडको लोन प्लान के तहत जो विकास कार्य पहले से प्रस्तावित थे, उन्हीं को अनुमानित लागत के साथ बजट में अंकित कर दिया गया है। इन कार्यों की न तो कोई नई डीपीआर तैयार हुई और न ही कोई नई कार्ययोजना बनाई गई।

बजट को बताया खोखला

विधायक ने कहा कि राजस्थान का 2026-27 का बजट पूरी तरह खोखली घोषणाओं का पुलिंदा है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को नजरअंदाज किया गया है। सरकार की इस कार्यप्रणाली और बूंदी की निरंतर उपेक्षा के विरुद्ध विधायक ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

## दो घंटे तक नोलखा गेट रखा बंद रखा, श्रद्धालुओं को सुरक्षित दूरी पर रोका

### रणथंभौर दुर्ग क्षेत्र में बाघिन का मूवमेंट, मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व के मध्य स्थित रणथंभौर दुर्ग क्षेत्र में बुधवार को बाघिन की मूवमेंट की सूचना से हड़कंप मच गया। सुरक्षात्मक कदम और आवाजाही पर रोक बाघिन के मूवमेंट की सूचना के बाद एहतियात के तौर पर वन विभाग प्रशासन ने करीब दो घंटे तक श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रोक लगा दी। सुरक्षा के मद्देनजर बाघिन के रास्ते को पूरी तरह क्लियर कराया गया तथा रणथंभौर दुर्ग के नोलखा गेट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया।

**बाघिन की पहचान और घटना का विवरण**

जानकारी के अनुसार मूवमेंट बाघिन रिद्धि की बेटी आरबीटी-2504 की बताई जा रही है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि बुधवार को रणथंभौर दुर्ग क्षेत्र में बाघिन की गतिविधि नजर आई, जिसकी सूचना वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गणेश मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को बाघिन के मूवमेंट वाले क्षेत्र से दूर किया गया।

**परिस्हुथितियां हुई सामान्य**

वन विभाग की निगरानी में बाघिन वापस अपने वन क्षेत्र की ओर लौट गई, जिसके बाद हालात सामान्य हुए। करीब दो घंटे तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बंद रखने के बाद, बाघिन का मूवमेंट जंगल की ओर होने पर दुर्ग क्षेत्र में दोबारा



प्रवेश शुरू किया गया। हालांकि इस दौरान एंट्री प्वाइंट पर श्रद्धालुओं और सैलानियों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रशासनिक वक्तव्य और निगरानी डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर रखी गई, जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान नहीं हुआ। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।



## रावतभाटा परमाणु बिजली घर में आपदा की हुई मॉक ड्रिल

### संभागीय आयुक्त ने अपने कक्ष से की पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में परमाणु एवं रेडियोलॉजिकल आपातकाल की तैयारियां परखने के लिए चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा स्थित राजस्थान परमाणु बिजली घर के आसपास के विभिन्न गांवों में बुधवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित ऑफ साइट इमरजेंसी के तहत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमाण्ड रेस्पॉन्स एक्सरसाइज (आईसीसीआर) की गई। इस ऑफ साइट मॉक ड्रिल के माध्यम से जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों एवं विभागों की तैयारियों की जांच की गई। मॉक ड्रिल इस प्रक्रिया की मॉनिटरिंग संभागीय आयुक्त एवं रेस्पॉन्सिबल ऑफिसर श्री अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा अपने कक्ष से की गई। राजस्थान एटोमिक पावर प्लांट (आरएपीपी) रावतभाटा के साइंटिफिक ऑफिसर श्री एमएल खींची संभागीय आयुक्त को मॉक ड्रिल के तहत रावतभाटा में प्रोटेक्टिव एक्शन रिकमण्डेशन के विभिन्न चरणों के बारे में नियमित समय अंतराल में जानकारी देते रहे। उन्होंने बताया कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आस-पास के क्षेत्र में तीन साल में एक बार इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमाण्ड रेस्पॉन्स एक्सरसाइज (आईसीसीआर) की जाती है। इस बार मॉक ड्रिल के तहत लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने एवं विकिरण के प्रभाव से बचाव के बारे में अभ्यास किया गया।

## कोटा बिल्डिंग हादसे के 4 दिन बाद भी आरोपी-दाऊद फरार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में हुए बिल्डिंग हादसे को चार दिन पूरे हो गए हैं। वहीं मुरादाबादी रेस्टोरेंट बिल्डिंग का संचालक दाऊद मुरादाबादी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस की टीमें लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई हैं। डीएसपी योगेश शर्मा ने बताया- दाऊद मुरादाबादी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। टेक्निकल टीम लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। उन्होंने कहा- मामले की जांच व्यापक स्तर पर की जा रही है। बिल्डिंग निर्माण से जुड़े रिकॉर्ड, परमिशन और अन्य दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। इस मामले में नगर निगम, केडीए सहित कई एजेंसियां शामिल हैं। साथ ही एफएसएल जांच और निर्माण सामग्री की रिपोर्ट भी अनुसंधान का हिस्सा होगी। मुरादाबादी की सभी दुकानों के लाइसेंस और डॉक्यूमेंट की भी जांच की जाएगी।

**बजट पर प्रतिक्रिया**

## बजट विकास, विश्वास,एवं युवा शक्ति को समर्पित-जैन

बढ़ता राजस्थान



**जजावर(पदम शाह)।** बुधवार को विधानसभा मे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किया गया बजट प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।यह बात भाजयुमो के जिलाध्यश एवं युवा नेता अखलेश जैन ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बढता राजस्थान को बताया। उन्होने कहा कि बजट विकास, विश्वास एवं युवा शक्ति को समर्पित है। सरकार ने साफ संदेश दिया है कि प्रदेश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। स्वरोजगार के लिए ब्याज-रहित ऋण, कौशल विकास पर विशेष जोर, नए उद्योगों और पर्यटन को बढ़ावा यह सब बेरोजगार युवाओं के लिए बड़े अवसर खोलने वाले हैं। जैन ने बताया कि हर घर नल से जल, सड़कों का विस्तार, जल परियोजनाएँ और आधारभूत ढांचे में बड़ा निवेश केवल सुविधाएँ नहीं बढ़ाएगा, बल्कि हजारों नए रोजगार भी पैदा करेगा। बूंदी जिले सहित पूरे राजस्थान में इसका सीधा लाभ युवाओं को मिलेगा। यह बजट युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने का विज़न प्रस्तुत करता है। आत्मनिर्भर राजस्थान और सशक्त युवा यही इस बजट की सबसे बड़ी ताकत है।

## कोटा में पिस्टल लेकर घूम रहा था बदमाश:वारदात में से पहले पकड़ा गया आरोपी; पूछताछ में खुलासे की उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कोटा पुलिस ने अवैध देशी पिस्टल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन क्रिमिनल डस्टिंग अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में बदमाश से खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है। आरोपी की पहचान मोहम्मद शहिद उर्फ कालिया के रूप में हुई है।

कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने कहा कि यह कार्रवाई कैथून थाना पुलिस ने की है। पुलिस ने देशी पिस्टल के साथ उसे दबोचा है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई के लिए जिला स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने एसपी सुजीत शंकर, एडिशनल एसपी रामकल्याण मीणा के सुपरविजन और डीएसपी राजेश ढाका के निकटतम मार्गदर्शन में काम किया। कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार के नेतृत्व में टीम ने यह सफलता हासिल की।

एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है और उसके खिलाफ थाने में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने बरामद पिस्टल शकील मेवाती से ली थी। अवैध हथियार के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

## राजसखी कोटा मेला-2026 गुरुवार से

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका द्वारा राजसखी कोटा मेला-2026 का आयोजन 12 से 18 फरवरी तक किया जाएगा। मेले में राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र पंजाब, मध्य प्रदेश आदि कई स्थानों के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की भव्य प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। मेले में देश के कई राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रसिद्ध उत्पादों के साथ-साथ अलग-अलग जगह के प्रसिद्ध व्यंजन भी फूड कोर्ट में देखने को मिलेंगे।

## कृषि ऋण शिविर का आयोजन 13 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** किसानों को सुलभ एवं त्वरित ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 13 फरवरी को जिले के ग्राम बड़ौद स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ौद में दोपहर 2 बजे से कृषि ऋण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में किसानों को फसल ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि यंत्र ऋण, डेयरी एवं पशुपालन ऋण, बागवानी ऋण आदि योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, पात्र किसानों के ऋण आवेदन स्वीकार कर मौके पर ही ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया भी की जाएगी।

# किसान, पशुपालक, युवा, खिलाड़ी, विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर बजट में की गई घोषणायें-डॉ. गर्ग

## भरतपुर विकास के लिये की गई घोषणाओं पर मुख्यमंत्री व वित्तमंत्री का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राजस्थान विधानसभा में प्रदेश की वित्तमंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किये गये आम बजट पर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने बजट की सरहाना करते हुये कहा है कि पूर्व में जो उनके द्वारा मांग की गई थी उस पर मुख्यमंत्री ने पूरा करते हुये भरतपुर के जघीना, जिरौली, बराखुर, मडरपुर, पीरनगर, नगला केवल आदि गांवों में कृषि भूमि में जल भराव की समस्या का निदान कराने के लिये बजट में इन गांवों के लिये डेऊनों के निर्माण के लिये 50 करोड रुपये



की घोषणा की गई है। इस राशि से इस क्षेत्र की करीब 1000 हैक्टर कृषि भूमि में जलभराव की समस्या से किसानों को राहत मिलेगी। डॉ. गर्ग ने स्टारटप को भरतपुर में बढावा देने के लिये टिंकेरिंग लैब, डीप टेक्नीकल लैब, डाटा व एआई लैब जैसी नेक्स्ट जनरेशन टेक्नोलॉजी से युक्त नवीन टेक्नो हब स्थापित किये जाने के लिये राशि स्वीकृत करने, आईआईटी में मैक्निक इलैक्ट्रिक व्हिकल के टेऊड प्रारंभ करने तथा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आईसीटी लैब की स्थापना करने एवं भरतपुर शहर में आवासीय, एजुकेंशन हब, आईटी हब के लिये योजना की डीपीआर कार्य हेतु 1 करोड रुपये की घोषणा करने पर खुशी जाहिर करते हुये कहा कि निश्चय ही इससे युवाओं को आईटी के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। उन्होंने भरतपुर में अत्याधुनिक बृज कंवेंशन सेंटर का निर्माण कराने के लिये 100 करोड रुपये की घोषणा करने पर भी खुशी जाहिर की और भरतपुर विधान सभा क्षेत्र की सेवर पंचायत समिति के गांव बिलौठी के पशु चिकित्सालय को प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा पर सीएम व वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इससे पशु पालक लाभांवित होंगे और आस पास के गांवों के पशुपालकों को अपने पशुओं के बेहतर ईलाज की सुविधा मिल सकेगी। विधायक डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अपेक्षा करते हुये आगामी रिप्लाई बजट में भरतपुर-सौंख मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित कराने, त्यौंगा बाईपास राजा खेमकरण द्वार से मथुरा यूपी तक फोरलेन कराने, बझेरा अपना घर से यूपी बॉर्डर अछनेरा रोड तक फोरलेन कराने, ब्रिगेडियर घासीराम चौराहे से पीपला होते हुये बाघई गांव तक सडक को फोरलेन में परिवर्तित कराने के साथ ही मडरपुर रेल्वे फाटक पर ओवरब्रिज बनवाने की घोषणा करने के अलावा मेडीकल एवं चिकित्सा के क्षेत्र में आरबीएम अस्पताल में एमआरआई व कैथ लैब की सुविधा, कैंसर के मरीजों के लिये रेडियोथैरपी मशीन की सुविधा, कॉटेज वार्डो का निर्माण कराने व कार्डियो एवं न्यूरो साइंस में पीजी कॉर्सेज की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही भरतपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड न. 15 के मलाह, व वार्ड न. 54 के मडरपुर में उपस्वास्थ्य केन्द्र को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपस्वास्थ्य केन्द्र गांवडी, उपस्वास्थ्य केन्द्र घुस्यारी एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र ऊंदरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत कराने का आग्रह किया है।

## भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है। 11 फरवरी 1967 को मुगलसराय के पास उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का सिद्धान्त भारतीय समाज और संस्कृति के प्रति उनके गहरे दृष्टिकोण को दर्शाता है। पंडित दीनदयाल की सोच यह थी कि समाज के सभी पिछडे वर्गों को उन्नति के समान अवसर मिलने चाहिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान, रज्जन सिंह, श्याम सुन्दर गौड, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, जिला प्रवक्ता देवेन्द्र चामड, संजीव शर्मा, चन्द्रवीर जघीना, कविता गोयल, अनामिका चौधरी, सविता फौजदार, रजनी जाटव, संतोष खण्डेलवाल, तेजवीर मीणा, दीपेन्द्र गणेशिया, पंकज शर्मा, आकाश हथैनी, योगा सहनावली, तेजराज इन्द्रौलिया, अभय गुर्जर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल पर हुई गोष्ठी




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** अखिल भारतीय मानव सेवा संस्थान द्वारा डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल भरतपुर पर श्री ब्राहमण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरू यादव झुन्झुनूं थीं, विशिष्ट अतिथि डॉ. कुसुम शर्मा, डॉ. शेखर शर्मा, डॉ. रेनू शर्मा, जसवंत दारापुरिया, चेतन शर्मा, डॉ. ईशा शर्मा, युवान शर्मा, डॉ. हर्षवर्धन दुवे थे। मुख्य अतिथि नीरू यादव को हॉकी सरपंच सुविख्यात के नाम से जाना जाता है, इन्होंने नेशनल लेवल पर कई लडकियों को हॉकी में सलैक्षन कोचिंग देकर चयन कराया है एवं कौन बनेगा करोडपति की भी विजेता रही हैं, नीरू यादव को राष्टपति द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. कुसुम शर्मा ने नीरू यादव को गुलदस्ता देकर शॉल व प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया और नीरू यादव ने कहा कि खिलाडियों को अपने दमखम पर विश्वास से आगे बढना चाहिये और हार जीत खेलों में कोई मायने नहीं रखती है परन्तु अपनी प्रेक्टिस पर पूर्ण भरोसा रखना चाहिये। खिलाडी को अनुशासन में रहना बहुत जरूरी होता है। इस गोष्ठी में काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे जिनमें योगेश शर्मा लाला, बल्लो पहलवान, सुरेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, अजय शर्मा, पुष्पलता कुमारी, दिव्या जादौन आदि मौजूद थे।

## बजट विकासोन्मुख और सर्वस्पर्शी, जिसमें सभी वर्गों का रखा गया है ध्यान- डॉ शैलेश सिंह

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विधानसभा में पारित बजट को क्षेत्र के लिए 'विकासोन्मुख और सर्वस्पर्शी' बताते हुए सराहना की है। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिला सहित हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए ठोस प्रावधान किए गए हैं। विधायक ने बताया कि बजट 2026-27 में डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र को खेल, पर्यटन, सिंचाई, स्वास्थ्य, सडक़, पेयजल, कृषि, पुलिस और सहकारिता सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण घोषणाएं मिली हैं, जिनसे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### खेल विभाग

डीग में नए खेल स्टेडियम का निर्माण।

पर्यटन विभाग

भरतपुर-डीग क्षेत्र में नए एयरपोर्ट की स्थापना।

डीग में 'हेरिटेज वॉक-वे' का निर्माण।

पैंगोर स्थित चामड़ माता मंदिर का विकास।

### सिंचाई विभाग

पूंछरी का लौठा क्षेत्र में नवल कुंड से गोवर्धन ड्रेन तक लिफ्ट कार्य: 8.78 करोड़ रुपए।

कुम्हेर, रारह व डीग क्षेत्र के 12 गांवों में जलभराव समाधान हेतु नहर/ड्रेन व लिफ्ट कार्य: 48 करोड़ रुपए।

लखनका, अवार-सोगर, भरतपुर डिस्ट्रीब्यूटरी, सजोला व कुम्हेर माइनर के जीर्णोद्धार: 45 करोड़ रुपए।

भरतपुर डिस्ट्रीब्यूटरी विस्तार व विभिन्न माइनरों को लिंक कार्य: 180 करोड़ रुपए।

डीग एस्केप रेनोवेशन कार्य: 20 करोड़ रुपए।

गुडग़ांव कैनाल व भरतपुर फीडर नहर सुदृढ़ीकरण: 67.36 करोड़ रुपए।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

सीएचसी पूंछरी का लौठा को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया जाएगा।

जिला अस्पतालों में साइकिएट्रिक डॉक्टरों के साथ साइकोलॉजिकल काउंसलर नियुक्त किए जाएंगे।

नई सडक़ों का निर्माण और पुरानी सडक़ों का सुदृढ़ीकरण।

नॉन-पेचेबल और मिसिंग लिंक सडक़ों का निर्माण।

## रंगीलो महोत्सव में महामूर्खधिराज बने ओमप्रकाश सिंघल का किया भव्य स्वागत-सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** रंगीलो महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल के 'महामूर्ख धिराज' बनने पर युवा अग्रवाल महासभा के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी साथियों ने ओमप्रकाश सिंघल कादुपट्टा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं अभिनंदन कर सम्मान किया तथा उन्हें बधाई दी। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल, उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, आशीष गुप्ता, मिलन अग्रवाल, मनोज सिंघल, गौरव गोयनका, रवि गोयल, पंकज गोयल, शिवम जिंदल, उपेंद्र गोयल एवं युवा अग्रवाल महासभा के अनेक साथी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने तरुण मित्र मंडली समाज समिति का आभार जताया ,की उन्होंने ये सम्मान दिया गया होली के त्यौहार पर इस अनूठी यात्रा में सभी भरतपुर वासियों




से शामिल होने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल ने कहा कृ 'यह सम्मान केवल ओमप्रकाश सिंघल का नहीं, बल्कि समस्त अग्रवाल समाज के लिए गौरव का विषय है। अग्रवाल समाज इस सम्मान से गौरवान्वित एवं अभिभूत है। जिला अध्यक्ष अतुल मित्तल एवं युवा शहर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज द्वारा भरतपुर में निरंतर सामाजिक, संगठनात्मक एवं सेवा कार्य किए जा रहे हैं, जिससे समाज की पहचान निरंतर सशक्त हो रही है। उपाध्यक्षों द्वारा भी अपने वक्तव्य में कहा गया ओमप्रकाश सिंघल आज केवल एक समाज के नहीं,बल्कि सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाले नेतृत्वकर्ता हैं। हर समाज का व्यक्ति उनके साथ जुड़ा हुआ है। इसी कारण यह सम्मान उनके लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए हर्ष और गौरव का विषय है।

वक्ताओं ने कहा कि ओमप्रकाश सिंघल का नेतृत्व सामाजिक समरसता, संगठन शक्ति और सर्वसमाज समन्वय का प्रतीक बन चुका है ।

## मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों का हुआ निस्तारण, जिला कलक्टर स्वयं पहुंचे मौके पर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त जन परिवादों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान संचालित किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने स्वयं विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर परिवादों की तथ्यात्मक स्थिति का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया।

फोंडपुरा, नीम का खेड़ा निवासी महेश द्वारा अवैध विद्युत लाइन के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया गया था। जिला कलक्टर ने स्थल निरीक्षण कर अवैध लाइन को तत्काल हटवाया तथा संबंधित विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में बाड़ी क्षेत्र के श्यामपुरा बसईडांग निवासी देवेंद्र द्वारा रास्ते की मांग संबंधी परिवाद प्रस्तुत किया गया। जांच में पाया गया कि



प्रस्तावित मार्ग खातेदारी भूमि से होकर अपेक्षित है। इस पर परिवादी को विधिक प्रावधानों के तहत सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने की सलाह दी गई। परिवादी द्वारा मौके पर संतोष व्यक्त किया गया।

मठ नीमखेड़ा निवासी लोकेन्द्र द्वारा सफाई व्यवस्था संबंधी शिकायत दर्ज कराई गई थी। निरीक्षण के दौरान परिवादी उपस्थित नहीं मिला, किंतु परिजनों द्वारा वर्तमान में नियमित सफाई होने की जानकारी दी गई। जिला कलक्टर ने संबंधित ठेकेदार को प्रतिदिन सफाई कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर से प्राप्त 67 असंतुष्ट परिवादों के निस्तारण हेतु एडीएम, एसडीएम एवं बीडीओ सहित संबंधित अधिकारियों द्वारा भी क्षेत्र में जाकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## गुम मोबाइल मिला तो लोगों ने कहा 'थैंक्यू पुलिस':दिहौली में 25 हैंडशेट बरामद कर मालिकों को सौंप

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।**धौलपुर में दिहौली थाना पुलिस ने गुम और खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में सफलता हासिल की है। पुलिस ने 25 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके मालिकों को सुपुर्द कर दिए हैं। एसपी विकास सांगवान के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। थानाधिकारी राहुल कुमार और कॉन्स्टेबल मनोज कुमार की टीम ने पिछले 5 महीने में इन मोबाइलों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रेस कर बरामद किया। पुलिस के अनुसार, बीते लगभग एक वर्ष में दिहौली थाना पुलिस द्वारा कुल 84 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। मोबाइल वापस मिलने पर मालिकों ने खुशी जताते हुए दिहौली पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस टीम को 'थैंक्यू दिहौली पुलिस' कहकर धन्यवाद दिया।

## हिन्दू सम्मेलन से पूर्व झगड़े और हमले का मामंला,महापुरुषों के पोस्टर फाड़े

# विरोध करने पर कार्यकर्ताओ की मारपीट,एक पर चाकू से हमला,पुलिस थाने पर प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी,(राजू शर्मा)। शहर की परशुराम धर्मशाला में 8 फरवरी को आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन से पहले विवाद और झगड़े का मामला सामने आया है। 7 फरवरी की रात को सम्मेलन की तैयारी कर रहे कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ है। आरोप है कि इस दौरान महापुरुषों के पोस्टर हटाए गए और उन्हें पैरों से रौंदा गया। घटना के बाद रिपोर्ट देने पर दो दिन तक पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने पर बुधवार को सर्व हिंदू समाज ने कोतवाली थाने पर प्रदर्शन किया है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता नगर कार्यवाहक धर्मराज सिंह गुर्जर निवासी गुमट




ने बताया कि 7 फरवरी की रात वे परशुराम धर्मशाला में मंच सजाने और महापुरुषों के पोस्टर लगा रहे थे। रात करीब 10 बजे आसपास की कॉलोनी के कुछ युवक वहां आए और महापुरुषों में से बाबा साहब के पोस्टर को हटाकर पैरों से रौंदने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो युवकों ने उन पर हमला कर दिया। धर्मराज सिंह के अनुसार,आरोपियों ने उनके साथी कार्यकर्ता मयूर जेमिनी और अंजनी पाराशर के साथ भी मारपीट की। एक आरोपी ने धर्मराज सिंह के सिर पर चाकू से हमला किया, जिससे वे बाल-बाल बचे, लेकिन उनके दाहिने कान पर चोट आई है। मयूर और अंजनी पाराशर को भी थप्पड़ों से पीटा गया। सूचना मिलने पर पुलिस की 112 गाड़ी मौके पर पहुंची,लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। इसके बाद शांतिपूर्ण रूप से 8 फरवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

पीडि़त धर्मराज सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस को घटना की रिपोर्ट दी थी,लेकिन दो दिन तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद बुधवार को सर्व हिंदू समाज के लोगों ने थाने पर विरोध प्रदर्शन किया। कोतवाली थाना अधिकारी ने उन्हें जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान सरनाम गुर्जर, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सेलू गुर्जर, राकेश सराफ, मोहन मित्तल, भगवती प्रसाद, भूरा गुर्जर, समीर गुर्जर, नीरज, ललित, अर्जुन, प्रेमनारायण, परसराम, कुलदीप गुर्जर, जगदीश दिवाकर, गोपेश मीणा, रामसेवक, लोकेश, रौनक, पवन कंसाना, दिनेश गुर्जर, अनिल गोयल, अर्जुन सिंह सहित स्वयंसेवक व हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। हिन्दू सम्मेलन से पूर्व का मामला है। पीडि़त की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पोस्टर फाडऩे का आरोप गलत है।

जटेरी धाम में आयोजित निकुंज विलास रस महोत्सव में गोवर्धन पूजा और 5100 दीपकों के साथ दीपावली महोत्सव का किया गया आयोजन

# भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र के अहंकार का पराभव कर्प्रकृति, गौ सेवा और सामूहिक आस्था का संदेश दिया - इंद्रेश उपाध्याय

बढ़ता राजस्थान

**डीग(नि.स.)।** ब्रज अंचल के गुप्त वृंदावन चौरासी कोस क्षेत्र में स्थित डीग जिले के प्रसिद्ध श्री जटेरी धाम में चल रहे निकुंज विलास रस महोत्सव के पंचम दिवस पर बुधवार को आयोजन स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का भव्य दृश्य देखने को मिला। महंत श्री विपिन बिहारी दास महाराज एवं श्री कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय के सानिध्य में गोवर्धन पर्वत स्वरूप जटेरी धाम स्थित गंधमादन पर्वत का वैदिक रीति से पंचामृत अभिषेक संपन्न कराया गया। मंत्रोच्चार, शंखनाद और हरिनाम संकीर्तन के मध्य गंधमादन पर्वत को दूध, दही,



घी, शहद और शक्कर से स्नान कराया गया। अभिषेक के समय उपस्थित श्रद्धालुओं ने गिरिराज महाराज की जय के जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

अभिषेक के उपरांत व्यास इंद्रेश उपाध्याय ने श्रीमद्भागवत के गोवर्धन पूजा प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या की। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का पराभव कर ब्रजवासियों को प्रकृति, गौसेवा और सामूहिक आस्था का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भजनों में झूमते रहे। उपाध्याय के मधुर भजनों और मार्मिक प्रसंगों ने समस्त गुप्त वृंदावन चौरासी कोस क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इसके पश्चात गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया। अन्नकूट की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन भगवान को अर्पित किए गए। सामूहिक आरती में बड़ी संख्या में ब्रजवासी एवं दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर में अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम दिखाई दिया। पंचम दिवस की एक विशेष झलक उस समय देखने को मिली जब ठाकुर श्री गिरधर लाल जी के ससुराल सरस निकुंज, जयपुर से उनके ससुरालीजन फाग लेकर जटेरी धाम पहुंचे। उन्होंने फाग उत्सव के रंग में सभी श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया और मंगल बधाइयां बांटी। रंग, रस और प्रेम की इस अनूठी छटा ने महोत्सव को और भी उल्लासमय बना दिया। श्रद्धालु देर तक फाग और संकीर्तन में सहभागी बने रहे। महोत्सव के अंतर्गत आगामी 7 अगस्त को इंद्रेश उपाध्याय के ठाकुर श्री गिरधर लाल जी का पावन हिंडोला उत्सव भी श्री जटेरी धाम में आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि इस आयोजन का संपूर्ण व्यय ठाकुर श्री गिरधर लाल जी द्वारा ही वहन किया जाएगा। इसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह और तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। शाम को जटेरी धाम में 5100 दीपकों के साथ भव्य दीपावली उत्सव मनाया गया। दीपों की ज्योति से संपूर्ण धाम आलोकित हो उठा और दृश्य अत्यंत मनोहारी बन गया। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर महंत विपिन बिहारी दास महाराज ने अपने आशीर्वचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। निकुंज विलास रस महोत्सव ब्रज संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा की अनुपम छटा बिखेरता हुआ संपन्न हुआ।

# श्रीगंगानगर में थाना प्रभारी ज्योति नायक की रात्रि पेट्रोलिंग करते समय सड़क हादसे मौत

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ /श्रीगंगानगर( डी एल सारस्वत )।** पुलिस विभाग से एक दुखद खबर सामने आई है। गत रात्रि पेट्रोलिंग पर निकली थाना प्रभारी ज्योति नायक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जिससे पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। सूत्रों के अनुसार दुर्गा मंदिर के पास तड़के लगभग सुबह 5 बजे एक कार और पुलिस की बोलेरो गाड़ी के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि थाना प्रभारी ज्योति नायक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में एक अन्य पुलिसकर्मी एवं कार चालक घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। गौरतलब है कि ज्योति नायक, रायसिंहनगर के पूर्व मंत्री दुदाराम नायक की दोहिति तथा पूर्व विधायक दौलतराज की भांजी थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों में शोक व्याप्त हो गया।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कपासन में जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति द्वारा बुधवार को जिला स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन तथा ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सोलंकी के निर्देशन में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कपासन में जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में अधिकार मित्र प्रकाशचंद्र सुथार द्वारा बालिकाओं को नालसा की विभिन्न योजनाओं व नालसा हेल्पलाइन ,न्याय आपके द्वार,बाल विवाह के दुष्परिणाम, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण सहित वृक्षारोपण इत्यादि की महत्ता से अवगत कराते हुवे जागरूकता शिविर में विद्यार्थियो को जानकारी प्रदान की गयी। इस जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर में ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के सचिव देव तिवारी द्वारा उपस्थित विद्यार्थी वर्ग को विधिक सेवा समिति द्वारा उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सेवाओं संबंधी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया तथा अधिकाधिक उक्त सेवाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

# वेदों की ओर लौटने का संदेश: 202वें महर्षि दयानन्द जन्मोत्सव पर आर्य समाज ब्यावर में विशेष आयोजन

## यज्ञ, भजन, लघु नाटिका व सेवा कार्यों के साथ मनाई जाएगी जयंती; गौसेवा व जरूरतमंदों को कराया जाएगा भोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** आर्य समाज के संस्थापक एवं महान समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वती की 202वीं जयंती के अवसर पर आज गुरुवार को आर्य समाज, ब्यावर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत आध्यात्मिक अनुष्ठान के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े सेवा कार्य भी किए जाएंगे आर्य समाज मंत्री राजेंद्र काबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 8.30 बजे से गोदावरी आर्य बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा विशेष यज्ञ, भजन एवं महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही उनके जीवन के प्रेरक एवं यादगार प्रसंगों को भी साझा किया जाएगा कार्यक्रम के अंतर्गत गौ माता को चारा खिलाया जाएगा तथा गरीब, असहाय और जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन करवाकर सेवा कार्य संपन्न किए जाएंगे मंत्री राजेंद्र काबरा ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के टंकारा में हुआ था। उन्होंने वेदों की ओर लौटने का संदेश दिया और समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड, जातिगत भेदभाव तथा कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष किया। उन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं का विरोध करते हुए विधवा विवाह का समर्थन किया तथा महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया उन्होंने कहा कि स्वामी दयानन्द सरस्वती स्वधर्म, स्वभाषा, स्वराष्ट्र और स्वसंस्कृति के अग्रदूत थे। उन्होंने राष्ट्र चेतना को जागृत कर अनेक देशभक्तों को स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और वेदों के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज का उत्थान संभव है। आर्य समाज, ब्यावर ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## भारत की जनगणना

# 2027 के प्रथम चरण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

**जयपुर।**

भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य हेतु जिला एवं चार्ज स्तर (ग्रामीण) के अधिकारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में किया गया। यह प्रशिक्षण 10 फरवरी से 11 फरवरी, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चार्ज स्तर पर नियुक्त सभी अधिकारी तकनीकी प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझें तथा प्रायोगिक अभ्यास को प्राथमिकता दें, ताकि जनगणना कार्य का सफल एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्थान के प्रशिक्षक एवं संयुक्त निदेशक श्री अविनाश शर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसकी गुणवत्ता सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने वाले आंकड़ों की शुद्धता से जुड़ी होती है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना आधुनिक एवं पूर्णत: डिजिटल स्वरूप में सम्पन्न की जाएगी, जिससे डाटा की शुद्धता, पारदर्शिता एवं त्वरित विश्लेषण सुनिश्चित होगा।

## कभी अलविदा ना कहना.....

# विदाई समारोह में दिखा संस्कार, संस्कृति और स्मृतियों का भावपूर्ण संगम

## बी.एल. गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीनियर विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई



बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह भावनाओं, संस्कारों और सांस्कृतिक गरिमा से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में भारतीय परंपराओं की झलक के साथ स्मृतियों का अनूठा संगम देखने को मिला समारोह में सीनियर विद्यार्थियों के सिर पर राजस्थानी साफा बांधा गया, ललाट पर कुमकुम का तिलक लगाया गया तथा गाजे-बाजे के साथ विद्यालय द्वार पर शिक्षकगण एवं जूनियर विद्यार्थियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा वर्द्धमान ऑडिटोरियम में आयोजित यह समारोह उत्साह और उमंग से भरा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को साफा पहनाकर एवं रोली-चावल से तिलक कर की गई। अभिभावकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय बैंड की मधुर धुनों के साथ सभी को विद्यालय परिसर से महाविद्यालय सभागार तक ले जाया गया। बैंड की सुरमयी ध्वनि पर विद्यार्थी उल्लासपूर्वक झूमते नजर आए।सभागार में समारोह का विधिवत शुभारंभ वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख, निदेशक एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा, गोठी स्कूल प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा एवं उपप्राचार्या सुनीता चौधरी द्वारा भगवान महावीर स्वामी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात सीनियर विद्यार्थियों के स्मृति छायाचित्र का विमोचन किया गया समिति मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन विद्यार्थियों के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और यादगार क्षण है। उन्होंने अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता, यदि उसके प्रति पूर्ण समर्पण और निरंतर परिश्रम किया जाए। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और भाषण के माध्यम से अपने सीनियर्स के मार्गदर्शन और सहयोग को याद किया। प्रस्तुतियां भावुक करने वाली और आकर्षक रहीं। शिक्षकों ने विद्यालय के पूर्व मेधावी छात्रों का उल्लेख करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणा दी। कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 1 से 12 तक की अपनी शैक्षणिक यात्रा को याद करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन और योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की स्मृतियों को सहेजने हेतु सीनियर सेकेंडरी विद्यार्थियों को वर्तमान सत्र के विद्यार्थियों और शिक्षकगणों के साथ लिया गया बड़ा समूह छायाचित्र आकर्षक फोटो फ्रेम में भेंट किया गया यह विदाई समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और स्नेह से सजी एक अविस्मरणीय स्मृति बनकर सभी के हृदय में बस गया।

# बालिकाएं नवाचार अपनाएं, समस्या समाधान में बनें सक्षम

## अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा ) ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुर में प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026 की थीम विजन से इंपैक्ट तक- जेंडर गैप को कम करके एस.टी.ई.एम. को फिर से परिभाषित करना पर विस्तार से चर्चा की गई।

व्याख्याता लता परिहार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए जेंडर गैप को कम करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने नवाचारों को अपनाकर जीवन की चुनौतियों का समाधान स्वयं करने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया।

प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी ने अपने संबोधन में बताया कि एस.टी.ई.एम. का अर्थ विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से है। ये विषय नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ वैश्विक चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर मीना सिंहवी, सावित्री वैष्णव, भावना शर्मा, सीमा सेन, रामजस रैगर, सपना बलाई, राजेश शर्मा एवं अनिल चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

## पंडितजी का एकात्म मानववाद का दर्शन राजनीति में शुचिता और नैतिक मूल्यों का आधार - गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में संगोष्ठी का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया में बताया कि पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि पंडितजी का एकात्म मानववाद का दर्शन राजनीति में शुचिता और




नैतिक मूल्यों का आधार है। भाजपा इन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर समाज के वंचित वर्गों के सशक्तीकरण और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि राष्ट्रसेवा एवं समर्पण के प्रतीक पं. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की विचारधारा ने सेवा-भाव को राजनीति की आत्मा के रूप में स्थापित किया है, जो राष्ट्रनिर्माण के पथ पर सदैव दिशा और प्रेरणा प्रदान करती रहेगी। इस अवसर पर पंडितजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। आभार जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, आरती कोगटा, ललिता कंवर, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, आकाश मालावत, महेंद्र नायक, भगवत सिंह राठौड़, इमरान कायमखानी, मुकेश चेचाणी, रमेश खोईवाल, मुकेश सोनी, नागेन्द्र सिंह, ज्योति आशीर्वाद, सीपी जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा के सर्वांगीण विकास को समर्पित ऐतिहासिक बजट, हर वर्ग के लिए खुली खुशहाली की राह

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री दियाकुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे संपूर्ण प्रदेश के साथ ही भीलवाड़ा के औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक सुदृढ़ीकरण का दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री दीया कुमारी ने भीलवाड़ा जिले की आम जनता की जरूरतों को समझते हुए युवा, महिला, किसान, उद्यमी, गरीब और कर्मचारी वर्ग के साथ साथ शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, जल, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं के लिए जो घोषणाएं की हैं, वे जिले के भविष्य को स्वर्णिम बनाएंगी। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने भीलवाड़ा जिले की सभी विधानसभाओं भीलवाड़ा, मांडल, सहाड़ा, आसींद, शाहपुरा, जहाजपुर, मांडलगढ़ को इस बजट में अनेक सौगाते दिए जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये घोषणाएं इन क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। मेवाड़ा ने कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प को सिद्ध करने वाला है, जो भीलवाड़ा को आधुनिकता और आर्थिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# राजस्थान बजट में चौमहला को बड़ी सौगात

## छोटी काली सिंध पर बांध, साकरिया रेलवे फाटक पर 41.91 करोड़ का ओवरब्रिज स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के बजट में छोटी काली सिंध नदी पर बांध, साकरिया रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज की स्वीकृति होने पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की।

बजट घोषणा में चौमहला के समीप स्थित रेलवे फाटक 35 सुवासरा साकरिया चौमहला मार्ग पर 41 करोड़ 91 लाख रुपये की लगत से ओवर ब्रिज निर्माण का निर्माण होगा।

बजट में पाडलिया, चाड़ा, सुनारी गांव में 100 मैट्रिक टन गोदाम मय चार दिवारी स्वीकृति की गई, चौमहला कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में थ्री फेस बिजली कनेक्शन, ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन, ऑटोमैटिक रोटी मशीन की स्वीकृति की गई। बजट में कार्यों की घोषणा होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के झंडा चौक पर आतिश बाजी कर खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी, जिला मंत्री गौतम जैन, जगदीश भावसार, करण सिंह, अरविंद अग्रवाल, वासुदेव विश्वकर्मा, देवीसिंह, तेज सिंह, पुरसिंह, दिलीप मोरी, चंदर सिंह, सीताराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयपुर में 22 फरवरी को 'बेरी गौरव अवार्ड' समारोह

## एडवोकेट मुकेश सुवालका होंगे सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** भारत की शक्ति, प्रतिष्ठा एवं पंचशील सिद्धांतों को वैश्विक पटल पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कार्यरत अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, प्रख्यात न्यायविद न्यायमूर्ति भगवती प्रसाद बेरी की 113वीं जयंती के अवसर पर 22 फरवरी 2026 को राजधानी जयपुर में एक भव्य एवं गरिमामयी समारोह आयोजित किया जाएगा।

समारोह में प्रदेश भर से चयनित 51 विशिष्ट प्रतिभाओं को सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रहित में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए 'बेरी गौरव अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन 25 देशों— भारत सहित नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, अंगोला, ऑस्ट्रिया, क्रोएशिया, फिनलैंड, ट्यूनीशिया, जर्मनी, इराक, इज़राइल, मैसेडोनिया, मोरक्को, नीदरलैंड, नाइजीरिया, नॉर्वे, रोमानिया, डेनमार्क, श्रीलंका, मालदीव, किर्गिज़स्तान, फिलिस्तीन एवं फिजी के राष्ट्रीय ध्वजों की सानिध्य में संपन्न होगा, जो इसे अंतरराष्ट्रीय गरिमा प्रदान करेगा। इसी कड़ी में भीलवाड़ा न्यायालय परिसर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता मुकेश सुवालका का चयन 'बेरी गौरव अवार्ड' के लिए किया गया है। मंच के प्रेरणास्रोत एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा उन्हें शॉल, साफा, स्मृति चिह्न (मोमेंटो) एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय पशु मेला : विभिन्न पशु प्रतियोगिताएं हुई आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** लूणकरणसर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय पशु मेले में मंगलवार को विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों की चयन समिति द्वारा स्कोरकार्ड के माध्यम से विजेता पशुओं का चयन किया गया।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. बीरमाराम ने बताया कि नर घोड़ा व घोड़ी प्रजनन योग्य, बछड़ा-बछड़ी, ऊँट नर व मादा, भेड़ नर व मादा, बकरी नर(बीजू बकरा) व मादा श्रेणियों में पशु प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। घोड़ी वंश में प्रथम स्थान पर राकेश दास पुत्र श आमदास, द्वितीय स्थान पर श्री इस्माइल खान पुत्र मान्झी खान, तृतीय स्थान पर बिशनदास पुत्र भाजदास की घोड़ियाँ रही। घोड़ा वंश में कुम्भा राम पुत्र आथू राम का घोड़ा प्रथम स्थान पर रहा। बछड़ा-बछड़ी प्रतियोगिता में इस्माइल खान पुत्र मान्झी खान के बछड़ा प्रथम स्थान पर रहा।

ऊँट (नर) में प्रथम स्थान पर बिशनदास पुत्र भाजदास, द्वितीय स्थान पर सीता राम मेघवाल पुत्र पोखर राम, तृतीय स्थान पर भानीनाथ पुत्र बालनाथ के ऊँट रहे। ऊँट (मादा) में प्रथम स्थान पर जय नारायण पुत्र अर्जुनराम जाट, द्वितीय स्थान पर श्रवण राम पुत्र अर्जुनराम जाट एवं तृतीय स्थान पर श्री ईश्वर राम पुत्र सुगनाराम की ऊँटनियाँ रही।

भेड़ नर श्रेणी में प्रथम स्थान पर बनवारी पुत्र हड़माना राम, द्वितीय स्थान पर प्रताप पुत्र कुम्भ सिंह, तृतीय स्थान पर जगदीश प्रसाद पुत्र सुल्तान राम व भेड़ (मादा)श्रेणी प्रथम स्थान पर बनवारी पुत्र हड़माना राम, द्वितीय स्थान पर कल्याण सिंह पुत्र धन्ने सिंह, तृतीय स्थान पर हनुमान पुत्र भीयाराम रहे।

बकरी नर(बीजू बकरा) श्रेणी में प्रथम स्थान महावीर पुत्र सहीराम, द्वितीय स्थान पर शंकर दास पुत्र गजेय दास, तृतीय स्थान पर हजीज पुत्र मोहम्मद हुसैन, मादा श्रेणी में प्रथम स्थान पर मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद यासीन, द्वितीय स्थान पर सहीराम पुत्र चेतराम, तृतीय स्थान पर महावीर पुत्र सहीराम रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता में धीरेरां की टीम प्रथम स्थान पर रही।सुरनाना और लूणकरणसर की टीमें क्रमश: द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। संध्याकालीन कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिसमें अग्नि नृत्य मुख्य आकर्षण रहा। मेला सचिव डॉ. बीरमा राम ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा ने कपासन में श्रद्धासुमन अर्पित किये

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा बूथ अध्यक्ष मनोज आचार्य ने बताया कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं विचार संगोष्ठी का नगर पालिका में आयोजन किया गया। जिसमे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय ने कहाकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद भारतीय राजनीति व सामाजिक जीवन हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत है।कार्यक्रम में जी.एस.एस. कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर ने कहाकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्रसेवा को सत्ता का माध्यम नहीं बल्कि समाज निर्माण का साधन माना। युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बरेगामा ने कहाकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय सिद्धांत आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर निवर्तमान नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, अशोक विजयवर्गीय, युवा मोर्चा के अभिनव दुग्गड़, प्रतीक वैष्णव, गौरव दाधीच, दीपक चण्डालिया, अनिल टेलर, छात्रनेता तरुण बारेगामा, महेश चाष्टा, हरिशंकर चोटिया, नारायण सुथार, राकेश आचार्य, प्रकाश सुथार, मुकेश सिरोया, भगवतीलाल आचार्य आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जे.के. लोन हॉस्पिटल में 500 बेड का आईपीडी टावर बनेगा

## आरयूएचएस में भी शुरू होगा पीडियाट्रिक आईसीयू वार्ड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने बुधवार को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया है। इस बजट में भी पिछले दो बजट की तरह राजस्थान की राजधानी जयपुर पर फोकस करते हुए यहां की ट्रैफिक व्यवस्था (ट्रैफिक जाम और सड़कों के री-डिजाइन) के सुधार पर 1 हजार करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया गया है। साथ ही जे.के.लोन हॉस्पिटल का विस्तार करते हुए यहां 500 बेड का आईपीडी टावर बनाया जाएगा। क्रिटिकल बीमार छोटे बच्चों के इलाज के लिए आरयूएचएस हॉस्पिटल में 200 बेड का एनआईसीयू वार्ड और पीडियाट्रिक सेंटर बनाया जाएगा।

### जयपुर के लिए ये घोषणाएं की गई

- 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से जयपुर के ट्रैफिक सिग्नल, चौराहों, जंक्शन और शहर की प्रमुख सड़कों को ट्रैफिक जाम फ्री बनाने पर काम किया जाएगा। ये काम कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान के तहत करवाया जाएगा।
- जयपुर में 500 करोड़ रुपए की लागत से ड्रेनेज सिस्टम विकसित कर शहर में जगह-जगह बारिश का पानी भरने की समस्या को दूर किया जाएगा।
- जयपुर के साइंस पार्क में स्पेस गैलेरी और चिल्ड्रन गैलेरी की स्थापना की जाएगी।
- महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय जयपुर में 100 करोड़ रुपए की लागत से विकास करवाया जाएगा।
- - सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर मैटल हेल्थ ट्रीटमेंट की सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में स्थापना की जाएगी। इसमें मानसिक रूप से बीमार लोगों की काउंसलिंग और उनका ट्रीटमेंट किया जाएगा।
- जे.के लोन हॉस्पिटल जयपुर में 500 बेड क्षमता का आईपीडी टावर 75 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा।
- आरयूएच्एस में 200 बैड का पीडियाट्रिक आईसीयू वार्ड और ट्रीटमेंट सेंटर बनाया जाएगा।
- जयपुर नए सेंट्रल जेल की बिल्डिंग का विस्तार किया जाएगा।
- जयपुर डेयरी (सरस) के प्रोडेक्ट अब दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश में भी बिक्री के लिए आउटलेट खोले जाएंगे।
- जयपुर में ऑक्सीजोन बनाया जाएगा, जहां बड़ी मात्रा में पेड़ लगाकर वहां एक छोटा वनक्षेत्र बनाया जाएगा।

# जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

## सभी 6 पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई; सिनेमाघरों को छूट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई।

न्यूज एजेंसी क्क्षद्ब के मुताबिक, आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-वांगचुक ने भाषणों में हिंसा पर चिंता जताई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सोनम वांगचुक की NSA के तहत हिरासत पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या उनके भाषण और सोशल मीडिया पोस्ट सच में भड़काऊ थे। अदालत ने यह भी सवाल किया कि इन बयानों का 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा से सीधा संबंध कैसे जुड़ता है। केंद्र की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि वांगचुक के भाषणों से युवा भड़के और हिंसा हुई।

उन्होंने दावा किया कि वांगचुक ने नेपाल जैसे हालात बनने की चेतावनी देकर लोगों को उकसाया। इस पर कोर्ट ने पूछा कि भाषण में ऐसा कहां है। वह तो कह रहे हैं कि कुछ युवाओं ने यह रास्ता अपना लिया है और वह खुद हैरान हैं।

### राज्य बजट 2026-27 पर मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

# राज्य बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रति हमारे कर्तव्यों का दस्तावेज, राजस्थान का समग्र एवं सतत विकास होगा सुनिश्चित

## हमारा बजट महिला, युवा, मजदूर, किसान सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण को समर्पित : मुख्यमंत्री




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 राजस्थान के समग्र एवं सतत विकास को सुनिश्चित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट तेज आर्थिक विकास, लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरा उतरने और सबका साथ सबका विकास के तीन कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए बनाया गया है। यह बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रति हमारे कर्तव्यों का दस्तावेज है। बुधवार को विधानसभा में उपमुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी द्वारा राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के दिन आया यह बजट महिला, युवा, मजदूर, वंचित, किसान सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि बजट में आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण सहित बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिससे राजस्थान विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट का आकार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये है, जो वर्ष 2023-24 के बजट की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है।

### 10 स्तम्भों पर आधारित हमारा बजट -

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनता से किए गए वादों को तेजी से पूरा कर रही है। राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में 1441 बजट घोषणाएं की थी, जिनमें से 1246 घोषणाओं (86 प्रतिशत) और वर्ष 2024-25 के बजट की 1277 घोषणाओं में से 1188 घोषणाओं (93 प्रतिशत) की क्रियान्विति की गई है। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 अवसंरचना का विस्तार, नागरिक सुविधाओं से गुणवत्तायुक्त जीवन स्तर में वृद्धि, औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन, मानव संसाधन का सशक्तीकरण, सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली, पर्यटन, कला एवं सांस्कृतिक धरोहर, सुशासन एवं डिजिटल परिवर्तन, कृषि विकास एवं किसानों का कल्याण, हरित विकास एवं पर्यावरणीय सततता और 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मजबूत स्तम्भों पर आधारित है।

### प्रतिव्यक्ति आय पहली बार हुई 2 लाख रुपये से अधिक -

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार आया है। इस बजट के अनुमान अनुसार राज्य की जीएसडीपी 21 लाख 52 हजार 100 करोड़ रुपये होना संभावित है, जो 2023-24 से लगभग 41 प्रतिशत अधिक है। वहीं, प्रति व्यक्ति आय पहली बार 2 लाख 2 हजार 349 रुपये होना संभावित है, जो 2023-24 से 21.15 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए पूंजीगत व्यय 53 हजार 978 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो 2023-24 से 2 गुना से अधिक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए 32 हजार 526 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है जो 2023-24 से 53 प्रतिशत अधिक है। ग्रीन बजट में 33 हजार 476 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष से 20.81 प्रतिशत अधिक है।

### वेतनमान एवं पदोन्नति सहित विभिन्न मांगों के परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय समिति -

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा सुशासन देने में कार्मिकों की महती भूमिका है। हमारी सरकार कार्मिकों व पेंशनर्स के हितों के लिए संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी संगठनों द्वारा पदोन्नति के समुचित अवसर प्रदान करने व वेतनमान में संशोधन सम्बन्धी विभिन्न मांगों का तुलनात्मक अध्ययन व विश्लेषण कर अनुशंषा किये जाने हेतु उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति भविष्य में आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने पर उसे राज्य में लागू करने के सम्बन्ध में आवश्यक परीक्षण कर अपनी सिफारिशें राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी।

पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव वित्त श्री वैभव गालरिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आरएसटीए से परीक्षाओं में पारदर्शिता होगी सुनिश्चित -

श्री शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के बेहतर आयोजन के लिए बजट में राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की घोषणा की गई है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर विकसित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से परीक्षाओं का आयोजन पारदर्शी तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को निरंतर रोजगार प्रदान कर रही है। 5 साल में 4 लाख नौकरियों के संकल्प को पूरा करने के क्रम में अब तक 1 लाख से अधिक को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी है। 1 लाख 54 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख का भर्ती कैलेण्डर जारी किया है। वहीं, निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

### आरएसटीए से परीक्षाओं में पारदर्शिता होगी सुनिश्चित -

श्री शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के बेहतर आयोजन के लिए बजट में राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की घोषणा की गई है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर विकसित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से परीक्षाओं का आयोजन पारदर्शी तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को निरंतर रोजगार प्रदान कर रही है।

# राजस्थान के कई जिलों में हल्की बारिश

## दिन-रात के तापमान में बदलाव, पारा 30 डिग्री के करीब



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। न्यूनतम-अधिकतम तापमान बढ़ने के कारण सर्दी धीरे-धीरे कम होने लगी है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया। यहां हल्की बारिश भी हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना जताई है।

### दोपहर बाद बदला मौसम

पिछले 24 घंटे में बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर के एरिया में आसमान में मंगलवार दोपहर में हल्के बादल छाए। चूरू, श्रीगंगानगर के एरिया में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अचानक तापमान बढ़ने और वातावरण में ह्यूमिडिटी (नमी) की मात्रा ज्यादा होने से स्थानीय स्तर पर बादल बन गए। इस कारण मौसम बदला।

### 7 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री पर दर्ज

राजस्थान में मंगलवार को कई शहरों में हल्की गर्मी रही। 7 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। इसमें बाड़मेर, पिलानी, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, चूरू, फतेहपुर और दौसा शामिल है। राजधानी जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में दिनभर तेज धूप रही और देर शाम को भी सर्दी का असर कम रहा।

### रात में सर्दी गायब, न्यूनतम तापमान 17 डिग्री से ऊपर

पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर में तो रात में भी सर्दी लगभग गायब हो गई। मंगलवार बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री दर्ज हुआ। बीकानेर में न्यूनतम तापमान 15.1, झुंझुनूं में 14, जयपुर में 14.5 और अजमेर में 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# राजस्थान-शादी से लौट रहे दोस्तों की कार टकराई, 6 मौत

### अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार किया, जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** राजस्थान के दौसा में भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये शादी-समारोह से घर लौट रहे थे।ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से निकल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसा बीती देर रात करीब 11 बजे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर कैलाई गांव के पास हुआ।

### कार को क्रेन से खींचकर बाहर निकाला

ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। इसके बाद कार में फंसे युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में 4 युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 2 गंभीर घायलों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया



गया। एक युवक ने दौसा में दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई। हादसे में समय सिंह (25) पुत्र राम सिंह योगी, लोकेश (24) पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश (24) पुत्र बनवारी योगी, मनीष (23) पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित (26) पुत्र लालाराम बैरवा और नवीन (23) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कार सवार सभी कालाखो (दौसा) गांव के रहने वाले हैं। वे मंगलवार को आभानेरी गांव में शादी-समारोह में शामिल होने गए थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# सरकार ने भारत माता को बेच दिया : राहुल

## सीतारमण का जवाब- भारत को कांग्रेस ने बेचा, किसानों के हक से सौदा किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को बजट पर बोलते हुए कहा कि सरकार ने इंडिया-स ट्रेड डील के जरिए भारत माता को बेच दिया है। यह पूरी तरह सरेंडर है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे। राहुल के आरोपों के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- कांग्रेसी कहते हैं कि मोदी ने सरेंडर कर दिया। मैं बताती हूं कि भारत को किसने बेचा। इसे कांग्रेस ने बेचा। बाली में जाकर सौदा करके आए थे। ट्रेड फेलिसिटेशन पर साइन करके आ गए थे। भारत के फायदे के लिए उसमें कुछ नहीं थी। उन्होंने कहा कि किसानों के हक से समझौता करने वाली कांग्रेस है। मोदी ने 2014 में डब्ल्यूटीओ में जाकर इसे सुधारा। ये गरीबों को राशन दे नहीं पा रहे थे और ये मोदी जी पर आरोप लगा रहे हैं।

### सीतारमण बोलीं- बंगाल में पेट्रोल दिल्ली से 10 ज्यादा महंगा

वित्त मंत्री ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के त्तस्ञ्ज को लेकर आरोपों पर कहा- अभिषेक ने कहा कि जन्म से लेकर मरने तक लोग त्तस्ञ्ज दे रहे हैं। वह ये बातें कहां से ला रहे हैं। दूध के ऊपर कब जीएसटी लगा, पढ़ाई पर कब लगा? पीछे बैठे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि वहां कट मनी लगती है, इसे सीतारमण ने भी दोहराया। सीतारमण ने कहा- आप बंगाल में स्टेट त्तस्ञ्ज हटा सकते हैं, पर ऐसा क्यों नहीं कर रहे? पैसा भी चाहते हैं और बदनाम भी कर रहे हैं। आप अगर बंगाल में लोगों पर बोझ कम करना चाहते हैं तो वहां पेट्रोल के दाम दिल्ली से 10 रुपए ज्यादा है, उसे कम कर दीजिए।



### राहुल गांधी बोले- अडाणी पर केस मोदी पर दबाव बनाने के लिए

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट पर चर्चा के दौरान एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल मोदी पर दबाव बनाने का तरीका है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को टोकते हुए कहा- आपने जो भी कहा है साबित करिए। इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं। तुरंत सारे सबूत देता हूं।

हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया। वहीं, किरेन रिजिजू ने बाद में कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे।

### निर्मला सीतारमण बोलीं-कांग्रेस के लोगों को मेरा जवाब सुनने की क्षमता रखनी चाहिए

निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को मेरा जवाब सुनने की क्षमता रखनी चाहिए। ये कहते हैं कि मोदी ने सरेंडर कर दिया। मैं बताती हूं कि भारत को किसने बेचा। इसे कांग्रेस ने बेचा। बाली में जाकर सौदा करके आए थे। ट्रेड फेलिसिटेशन पर साइन करके आ गए थे। और भारत के फायदे के लिए उसमें कुछ नहीं थी। किसानों के हक से समझौता करने वाली कांग्रेस है। मोदी ने 2014 में डब्ल्यूटीओ में जाकर इसे सुधारा। ये गरीबों को राशन दे नहीं पा रहे थे और ये मोदी जी पर आरोप लगा रहे हैं। इनको इसका कोई अधिकार नहीं है।

### निर्मला सीतारमण बोलीं- राहुल को संसद में बजट सही से पढ़ के आना चाहिए

निर्मला सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत। डेटा को लेकर उनको जानकारी नहीं है। इनको बजट सही से पढ़ के आना चाहिए। ये यहां आकर गलत डेटा देते हैं। महंगाई पूरी तरह कंट्रोल है। इनकी आदतें अबोध बालक जेसी हैं।

### निर्मला सीतारमण बोलीं- जिस राज्य में कम्यूनिस्ट सरकार वहां आर्थिक विकास सबसे नीचे

निर्मला सीतारमण ने कहा- बजट के ऊपर कम्यूनिस्ट लोगों ने बात की। उन्होंने कहा कि केरल में कुछ नहीं मिलता, हमें कुछ नहीं मिलता। जहां कम्यूनिस्ट सरकार वहां आर्थिक विकास सबसे नीचे है। ये लोग इंडस्ट्रीस को भगा देते हैं। कंपनियां चली जाती हैं, कैसे विकास होगा। स्ट्ट स्ञ्ज पर सबसे ज्यादा क्राइम है तो वो केरल में है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।